FORTUNE TMT
PANORA 2026
THE PROPERTY FEST

RNI NO PUNBIL/2014/59416
UTURNTIME.COM


# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

Date
10-11th April, 2026
Time
10 am to 8:00 pm
Venue
Nirvana Luxury Hotel, Ludhiana

VOL: 11 | ISSUE 74 | SATURDAY 28-03-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com



Uturn Time 28 Mar 2026_Layout 2 27-03-2026 23:17 Page 2



# शेयर बाजार में भारी गिरावट: बीएसई सेनसेक्स 1,690 अंक गिरकर 73,583 पर, निफ्टी 50 22,819 पर

चंडीगढ़/यूटर्न/27 मार्च। निफ्टी50 और सेनसेक्स ने अपनी 2 दिन की बढ़त का सिलसिला तोड़ते हुए शुक्रवार, 27 मार्च को भारी गिरावट के साथ कारोबार किया। राम नवमी के कारण एक दिन के अवकाश के बाद बाजार खुले थे। कमजोर वैश्विक बाजार संकेतों और भारतीय रुपये में गिरावट के कारण आज निफ्टी50 में गिरावट आई। निफ्टी50 486 अंक या 2.0 प्रतिशत गिरकर 22,819 पर बंद हुआ, जबकि दिन का निचला स्तर 22,804 रहा। वहीं, बीएसई सेनसेक्स 1,690 अंक या 2.2 प्रतिशत गिरकर 73,583 पर आ गया। सेनसेक्स ने आज दिन का निचला स्तर 73,534 छुआ। बाजार में भारी गिरावट के बीच, निवेशकों को कुल मार्केट कैप में ₹8 लाख करोड़ से ज्यादा का नुकसान हुआ। बीएसई में लिस्टेड शेयरों का मार्केट कैप पिछले सत्र के ₹431 लाख करोड़ से गिरकर ₹423 लाख करोड़ पर आ गया।



## भारतीय रुपये में लगातार गिरावट जारी

भारतीय रुपये में कमजोरी का असर बाजार के संकेतों पर लगातार पड़ रहा है, क्योंकि रुपये ने पहली बार अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94 के मनोवैज्ञानिक रूप से महत्वपूर्ण स्तर को तोड़ दिया है। घरेलू मुद्रा आज डॉलर के मुकाबले गिरकर 94.65 के निचले स्तर पर पहुँच गई। कमजोर भारतीय रुपया विदेशी संस्थागत निवेशकों (FIIs) को भारतीय बाजारों से होने वाले रिटर्न पर असर डालता है, जिससे बाजार से विदेशी पूंजी का बहिर्प्रवाह (outflow) और बढ़ जाता है।

## बाजार में गिरावट के पीछे तीन मुख्य कारण

कमजोर वैश्विक बाजार: राम नवमी के कारण 26 मार्च को घरेलू बाजार बंद थे। हालाँकि, अमेरिका और एशियाई बाजार कल खुले थे और गिरावट के साथ बंद हुए थे, जिसका असर आज भारतीय बाजारों पर भी देखने को मिला। 26 मार्च को, Dow Jones Industrial Average 469 अंक गिरा, जबकि S&P 500 और Nasdaq Composite में क्रमश: 1.7 प्रतिशत और 2.3 प्रतिशत की गिरावट आई। वहीं, एशियाई बाजारों में मिला-जुला रुख देखने को मिला; अमेरिका-ईरान युद्ध को लेकर जारी अनिश्चितता के बीच Nikkei 225 गिरावट के साथ बंद हुआ।

## तेल की कीमतों में फिर से उछाल

पिछले कुछ ट्रेडिंग सेशन में ब्रेंट क्रूड तेल की कीमतें फिर से बढ़कर लगभग $102 प्रति बैरल पर पहुँच गई हैं। जानकारों का मानना है कि तेल की कीमतों में इस उछाल से भारतीय बाजार में एक बार फिर बिकवाली का दौर शुरू हो सकता है। निफ्टी मिडकैप100 (-1.7 प्रतिशत) और निफ्टी स्मालकैप100 (-1.8 प्रतिशत) जैसे बड़े मार्केट इंडेक्स भी गिरावट के साथ ट्रेड कर रहे हैं। आज 470 से ज्यादा शेयरों ने अपना 52-हफ़्ते का निचला स्तर छुआ, क्योंकि बाजार के कमजोर माहौल के बीच निवेशकों ने मुनाफावसूली की। वोलैटिलिटी इंडेक्स, या इंडिया वीआईएक्स, 8.1 प्रतिशत बढ़कर 26.61 पर पहुँच गया है। निफ्टी आईटी इंडेक्स (+0.5 प्रतिशत) को छोड़कर, बाकी सभी सेक्टोरल इंडेक्स गिरावट के साथ ट्रेड कर रहे हैं; इनमें निफ्टी पीएसयू बैंक (-3.1 प्रतिशत), निफ्टी केमिकल्स (-2.8 प्रतिशत) और निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसस (-2.6 प्रतिशत) सबसे ज्यादा नुकसान वाले सेक्टोरल इंडेक्स हैं।

# ईंधन पर बड़ी राहत: पेट्रोल-डीजल की एक्साइज ड्यूटी में भारी कटौती, सुनील जाखड़ ने जताया केंद्र का आभार

चंडीगढ़/यूटर्न/27 मार्च। वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल के बीच केंद्र सरकार ने आम जनता को राहत देने के लिए बड़ा कदम उठाया है। पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क (एक्साइज ड्यूटी) में उल्लेखनीय कटौती की गई है, जिससे ईंधन की कीमतों पर दबाव कम होने की उम्मीद है। सरकारी फैसले के तहत पेट्रोल पर एक्साइज ड्यूटी को ₹13 से घटाकर ₹3 प्रति लीटर कर दिया गया है, जबकि डीजल पर ₹10 प्रति लीटर की ड्यूटी को पूरी तरह समाप्त कर दिया गया है। इस फैसले का सीधा



फायदा उपभोक्ताओं को मिलने की संभावना जताई जा रही है।

## वैश्विक संकट के बीच राहत का फैसला

पिछले एक महीने में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें करीब 70 डॉलर प्रति बैरल से बढ़कर 122 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई हैं। पश्चिम एशिया में जारी तनाव के कारण यह उछाल देखने को मिला है, जिससे दुनियाभर में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में भारी बढ़ोतरी हुई है। दक्षिण-पूर्व एशिया, यूरोप, अफ्रीका और उत्तरी अमेरिका जैसे क्षेत्रों में ईंधन कीमतों में 20% से लेकर 50% तक की वृद्धि दर्ज की गई है।

# अवैध माइनिंग बंद, फिर भी तीसरे दिन जारी रहा धरना

डेराबस्सी/यूटर्न/27 मार्च। नजदीकी गांव अमलाला के पास घग्गर नदी में डी-सिल्टिंग के नाम पर हो रही अवैध माइनिंग भले ही फिलहाल बंद हो चुकी है, लेकिन इसके बावजूद क्षेत्रवासियों का विरोध थमने का नाम नहीं ले रहा। घग्गर पुल पर लगाया गया धरना शुक्रवार को तीसरे दिन भी जारी रहा। ग्रामीणों का कहना है कि माइनिंग दोबारा शुरू होने की आशंका के चलते वे लगातार निगरानी कर रहे हैं और किसी भी हालत में इसे फिर से शुरू नहीं होने देंगे। धरने को आज उस समय और मजबूती मिली जब कार सेवा से जुड़े बाबा खड़मवाले अपने साथियों सहित मौके पर पहुंचे और आंदोलन को समर्थन दिया। इस दौरान भारतीय किसान यूनियन



(राजेवाल) के पंजाब सचिव परमदीप सिंह बैदवाण, जिला प्रधान मोहाली किरपाल सिंह सियाऊ, सरपंच लखविंदर सिंह कराला, गुरविंदर सिंह सियाऊ और हरजीत सिंह सियाऊ भी धरने में शामिल हुए। सभी नेताओं ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि इस मुद्दे पर उनका पूरा सहयोग रहेगा और जरूरत पड़ने पर आंदोलन को और तेज किया जाएगा। धरने की अगुवाई कर रहे अमलाला के पूर्व सरपंच बलिहार सिंह बल्ली ने कहा कि घग्गर नदी में डी-सिल्टिंग की आड़ में अवैध माइनिंग को दोबारा शुरू होने से रोकना ही इस धरने का मुख्य उद्देश्य है।

Celebrate your Birthday or Anniversary with UTURN TIME in association with
Hot Breads
0161-4603333, 5012222





2 LUCKY WINNERS WILL GET CAKE WORTH OF ₹1200 EACH
*WINNERS WILL BE DECIDED THROUGH LUCKY DRAW
*T&C
FOR MORE DETAILS, CALL: 99882-20063, 98142-95372
janhetaishi@gmail.com, hetaishinews@gmail.com
All rights about Distribution & Offer will be reserved by U-TURN TIME MANAGEMENT Only.

# दुकान से लाखों के सोने-चांदी के गहने चोरी

## तीन दिन बाद भी मामला दर्ज नहीं, पुलिस पर लापरवाही के आरोप

जीरकपुर/यूटर्न/27 मार्च। ढकोली क्षेत्र में स्थित एक ज्वेलरी दुकान को निशाना बनाते हुए चोर लाखों रुपये के सोने-चांदी के गहने और कीमती रत्न चोरी कर ले गए। घटना के तीन दिन बाद भी पुलिस द्वारा मामला दर्ज न किए जाने से पीड़ित ने प्रशासन पर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। जानकारी के अनुसार, बुधवार देर रात ढकोली में बाउली साहिब गुरुद्वारे के सामने स्थित 'द जॉर्डिक जेम्स ज्वैलर्स' दुकान का शटर तोड़कर चोर अंदर घुसे और





वारदात को अंजाम दिया। दुकान मालिक रुस्तम सोनी ने बताया कि चोर करीब 2.5 किलोग्राम चांदी, 2 तोला सोना तथा लगभग एक लाख रुपये के कीमती रत्न चोरी कर ले गए।

चोर दुकान में लगे एलसीडी और सीसीटीवी कैमरे भी उखाड़कर ले गए, जिससे चोरी की घटना रिकॉर्ड नहीं हो सकी। पीड़ित के अनुसार इस वारदात में उसे करीब 8 से 9 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। दुकान मालिक ने बताया कि घटना के तुरंत बाद पुलिस को सूचित कर दिया गया था, लेकिन हैरानी की बात है कि तीन दिन बीत जाने के बावजूद अभी तक मामला दर्ज नहीं किया गया है। पुलिस केवल जांच का आश्वासन दे रही है।

पीड़ित ने पुलिस प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि यदि समय रहते कार्रवाई की जाती, तो आरोपियों को पकड़ा जा सकता था। वहीं पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है और जल्द ही उचित कार्रवाई की जाएगी।

RNI NO PUNBIL/2014/59416
UTURNTIME.COM
4th Year Anniversary

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India
FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

**गुस्ताखी माफ**

ठाठ कीजिए आप सब, दिन हैं पूरे साठ।
साठ दिनों तक कीजिए, आप मजे से ठाठ।
आप मजे से ठाठ, साठ दिन पूरे करिए।
भरे तेल भंडार, भरा जी यूं ना डरिए।
कह साहिल कविराय, न टेंशन ऐसे लीजे।
साठ दिनों तक ठाठ, मित्रवर जमकर कीजे।



- डॉ. राजेन्द्र साहिल

VOL: 11 | ISSUE 74 | SATURDAY 28-03-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## मेयर के पति के बाद अब डिप्टी मेयर पर लगे रिश्वत लेकर भर्ती के आरोप

# डेढ़ लाख रुपए प्रति व्यक्ति लेकर की सफाई कर्मियों की भर्ती, डिप्टी मेयर के अलावा जोनल कमिश्नर और हेल्थ ऑफिसर पर भी आरोप

लुधियाना/यूटर्न/27 मार्च। लुधियाना में कुछ दिन पहले मेयर प्रिंसिपल इंद्रजीत कौर के पति रवि आनंद पर रिश्वत लेकर भर्ती करने के आरोप लगे थे। जिस संबंधी जांच के लिए सीएमओ ऑफिस की तरफ से निगम कमिश्नर नीरू कत्याल को पत्र भी लिखा गया है। वहीं अब डिप्टी मेयर प्रिंस जौहर और निगम जोन-सी के अधिकारियों पर सफाई कर्मियों की भर्ती करने की एवज में डेढ़ लाख रुपए प्रति व्यक्ति लेने के आरोप लगे हैं। जिस संबंधी शिमलापुरी निवासी मनीष कुमार पुत्र राज कुमार की ओर से सीएम पंजाब भगवंत मान, विजिलेंस ब्यूरो चंडीगढ़ और लुधियाना को लिखित पत्र भेजा गया है। जिसमें मामले की जांच करके एक्शन लेने की मांग की गई है। इस शिकायत में डिप्टी मेयर प्रिंस जौहर, जोनल कमिश्नर गुरपाल सिंह, हेल्थ ऑफिसर और नंबरदार पर आरोप लगाए गए हैं। हालांकि इन आरोपों में कितनी सच्चाई है, यह तो जांच के बाद ही पता चल सकेगा।

### क्या सच में आरोप सही या कोई जानबूझकर दे रहा झूठी शिकायतें

वहीं जहां पहले मेयर प्रिंसिपल इंद्रजीत कौर के पति रवि आनंद पर इसी तरह एक शिकायत सीएमओ ऑफिस देकर गंभीर आरोप लगाए गए थे। उसी तरह अब डिप्टी मेयर पर आरोप लगाए गए हैं। क्या यह आरोप सच है। अगर आरोप गलत है, तो यह प्रशासन के लिए गंभीर मुद्दा है। जिसकी जांच करके गुमराह करने वालों को पकड़ना जरुरी है। क्योंकि ऐसे तो व्यक्ति किसी के खिलाफ भी शिकायत देकर बदनाम कर सकता है। प्रशासन को इस पर सख्त एक्शन लेते हुए जांच कर तह तक पहुंचना चाहिए।



डिप्टी मेयर प्रिंस जौहर




### गैरहाजिर कर्मियों को भी मिल रही सैलरी

शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि वॉर्ड 40 में रखे हुए सफाई कर्मियों में से कई ड्यूटी पर आ रहे हैं और कई गैरहाजिर रहते हैं। लेकिन उनका अधिकारियों के साथ महीना बांधा हुआ है। जिसके चलते उन कर्मियों को सैलरी मिल रही है और अधिकारियों व लीडरों को उनका हिस्सा मिल रहा है। वहीं शिकायतकर्ता का आरोप है कि उक्त वॉर्ड में मौजूद सफाई कर्मियों की जांच होनी चाहिए। वहीं जांच जारी रहने तक उनकी सैलरी रोकनी चाहिए। वहीं इसकी जांच अधिकारियों व लीडरों को उनके पद से हटाने के बाद करने की मांग की गई है।

### गुमराह करने का हो रहा प्रयास

जोनल कमिश्नर गुरपाल सिंह ने कहा कि यह फेक न्यूज वायरल की जा रही है। झूठे आरोप लगाकर बदनाम किया जा रहा है। शिकायत कर दी गई, लेकिन अब न तो शिकायतकर्ता सामने आ रहा है और न ही प्रूफ पेश किए जा रहे हैं। मनगढ़त आरोप लगाकर गुमराह करने का प्रयास हो रहा है।

### पैसे लेकर भी नहीं की भर्ती

अपनी शिकायत में शिकायतकर्ता मनीष ने आरोप लगाया कि वह निगम में बतौर सफाई कर्मी भर्ती होना चाहता था। जिसके चलते डिप्टी मेयर प्रिंस जौहर ने उससे भर्ती के लिए दो लाख रुपए की डिमांड की थी। लेकिन उसने ब्याज पर पैसे लिए और 1.50 लाख रुपए दे दिए। उक्त पेमेंट लेने के बाद बाकी के 50 हजार रुपए भी लाने को कहा गया। लेकिन वह बाकी की पेमेंट न दे सका। जिसके चलते दो महीने से न तो उसे ड्यूटी पर भेजा जा रहा है और न ही पेमेंट वापिस की जा रही है।

### 150 से अधिक कर्मी भर्ती करने के आरोप

शिकायत में यह भी लिखा गया है कि डिप्टी मेयर के अलावा जोनल कमिश्नर गुरपाल सिंह, हेल्थ ऑफिसर और नंबरदार की भी साथ में मिलीभगत है। इन चारों की ओर से मिलकर इसी तरह करीब 150-160 लोगों को भर्ती कराया गया है। जिसमें से ज्यादातर कर्मी वॉर्ड 40 में रखे हुए हैं। शिकायत में यह भी आरोप है कि सबसे ज्यादा कर्मी डिप्टी मेयर के ही वॉर्ड में रखे हुए हैं। जिसमें अहम भूमिका नंबरदार द्वारा निभाई जा रही है।

### पहले भी विवादों में रह चुके हेल्थ ऑफिसर

जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता मनीष द्वारा इस शिकायत में हेल्थ ऑफिसर पर भी पैसे लेकर भर्तियां करने के आरोप लगाए गए हैं। वहीं बता दें कि उक्त हेल्थ ऑफिसर का विवादों से पुराना नाता रहा है। उनके खिलाफ पहले भी मिलीभगत व रिश्वत लेकर भर्तियां करने के आरोप लग चुके हैं। हालांकि कई आरोपों की विभागीय जांच भी चली, लेकिन फिर नतीजा कुछ सामने नहीं आ सका।

### विकास कार्यों को देख विपक्षी हो रहे परेशान

डिप्टी मेयर प्रिंस जौहर अनुसार हैरानी की बात है कि उनके खिलाफ शिकायत करने वाले का न एड्रेस है और न ही मोबाइल नंबर है। असल मुद्दा यह है कि वह सवा साल से बिना रुके लोगों की सेवा कर रहे हैं और विकास कार्य करवा रहे हैं। मैं एक आम घर का बेटा हूं, लोग बस आगे बढ़ते देख खुश न होने पर ऐसे झूठे आरोप लगा रहे हैं। डिप्टी मेयर ने कहा कि उनकी तरफ से निगम और एफएंडसीसी में हर गलत मुद्दे के खिलाफ आवाज उठाई जाती है। अब उससे जिनका नुकसान हो रहा है, वह तो शोर डालेंगे ही। मैं ईमानदारी से अपना काम कर रहा हूं, कोई कुछ कहें, लेकिन मैंने न कभी किसी का विरोध किया और न करुंगा। विपक्षियों के पास बदनाम करने को और कुछ है नहीं, तो वह अब ऐसी घटिया राजनीति कर रहे हैं।

# एमसी चंडीगढ़ की बड़ी कार्रवाई: अवैध वेंडिंग और सड़क किनारे मरम्मत पर शिकंजा, 78 चालान काटे

चंडीगढ़/यूटर्न/27 मार्च। शहर में लगातार मिल रही शिकायतों के बाद नगर निगम चंडीगढ़ (एमसीसी) ने शुक्रवार सुबह सेक्टर-26 और मनीमाजरा के मोटर मार्केट (सेक्टर-13) में बड़े स्तर पर एनफोर्समेंट ड्राइव चलाया। इस दौरान अवैध वेंडिंग और सड़क किनारे हो रही गाड़ियों की मरम्मत के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई।

सेक्टर-26 स्थित सब्जी मंडी के बाहर टीम ने बिना अनुमति नारियल बेचने वालों पर कार्रवाई करते हुए 9 ट्रकों को जब्त किया। इसके अलावा 7 अवैध रेहड़ी विक्रेताओं को भी हटाया गया। इस दौरान नियमों के उल्लंघन पर 16 चालान काटे गए। इसके बाद निगम की टीम ने मनीमाजरा के मोटर मार्केट, सेक्टर-13 में दूसरा अभियान चलाया। यहां लंबे समय से शिकायतें मिल रही थीं कि मैकेनिक सड़क के किनारे गाड़ियों की मरम्मत कर रहे हैं, जिससे आम लोगों को परेशानी और जाम की स्थिति बन रही है। कार्रवाई के दौरान 28 वाहनों—जिनमें कारें, एक ट्रैक्टर-ट्रॉली और एक वैन शामिल है—को जब्त किया गया। साथ ही जैक, ऑक्सीजन सिलेंडर, रबिंग मशीन, सीट कवर और कार के दरवाजों जैसे उपकरण भी कब्जे में लिए गए।





# पंजाब में वेरका के GM समेत 3 अधिकारी सस्पेंड सेना को भेजे दूध पाउडर के सैंपल हुए फेल

अशोक सहगल

लुधियाना/यूटर्न/27 मार्च। पंजाब राज्य के प्रसिद्ध वेरका ब्रांड के दूध पाउडर के सैंपल फेल होने के बाद 3 अधिकारियों पर गाज गिरी है। सरकार ने लुधियाना मिल्क प्लांट के जीएम दलजीत सिंह क्वालिटी मैनेजर गुरइकबाल सिंह सिंह तथा प्रोडक्शन मैनेजर परितोष मिश्रा को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है यह आदेश शुक्रवार को मिल्कफेड के एमडी राहुल गुप्ता ने जारी किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मिल्क प्लांट लुधियाना की और से इंडियन आर्मी को सूखे दूध पाउडर की 2 खेप भेजी गई थी जिनमें एक 58.338 मीट्रिक टन तथा दूसरी 66.654 मीट्रिक टन थी। लेकिन मिल्क प्लांट लुधियाना की और से भेजी गई सूखे दूध पाउडर की दोनों खेप के नमूने फेल हो गए जिसकी वजह से इंडियन आर्मी द्वारा सूखे दूध पाउडर को रिजेक्ट कर दिया। इन सैंपलों में बाहरी कण पाए गए। इसके बाद करीब 125 मीट्रिक टन की खेप को क्वालिटी मानकों पर खरा न उतरने के कारण रिजेक्ट कर दिया गया सेना की ओर से जारी नोटिस में कहा गया कि 7 दिनों के भीतर अपने स्टॉक को हमारे कार्यालय से ले जाएं। यदि तय समय में अगर वेयर का मिल्क प्लांट नहीं अपना स्टॉक नहीं उठाया तो अधिकारियों की कमेटी द्वारा नष्ट कर दिया जाएगा और इसके बाद कोई दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा। विपक्ष ने इसे लेकर सख्त कार्रवाई और उच्च स्तरीय जांच की मांग उठाई। विवाद बढ़ने पर विभाग ने फैक्ट फाइंडिंग कमेटी गठित की है। पंजाब के स्वास्थ्य मंत्री बलबीर सिंह ने


Date: March 27, 2026.
Rahul Gupta, IAS,
Managing Director


COLLECTION OF REJECTED SAMPLES
For necessary action please.

कहा कि जरूरत पड़ने पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से भी सैंपलों की जांच की जा सकती है

### सेना की ओर से भेजा गया नोटिस

लुधियाना जिला कोऑपरेटिव मिल्क प्रोड्यूसर्स यूनियन को भेजे गए एक नोटिस में आर्मी सर्विस कोर यूनिट के ऑफिसर कमांडिंग ने बताया कि वेरका की लुधियाना यूनिट द्वारा सप्लाई किया गया लगभग 125 मीट्रिक टन होल मिल्क पाउडर रिजेक्ट किया जा रहा है। पत्र में बताया कि मिल्क पाउडर के दो बैच - एक 58.338 टन का और दूसरा 66.654 टन का रिजेक्ट कर दिए गए। रद्द करने के पीछे कारण क्वालिटी से जुड़ा होना बताया गया है। इस पत्र की कॉपी केंद्रीय रक्षा मंत्रालय में परचेज और फूड इंस्पेक्शन ऑर्गनाइजेशन के चीफ डायरेक्टर को भी भेजी गई है।

### अगर स्वास्थ्य विभाग करता रूटीन में जांच तो क्वॉलिटी मेंटेन हो सकती थी

अगर स्वास्थ्य विभाग समय-समय पर वेरका के दूध व दूध से बने उत्पादों की जांच करता रहता तो इसकी क्वॉलिटी मेंटेन हो सकती थी हालांकि वेरका द्वारा भी अपने सैंपलों की रोज जांच करने का दावा किया जाता है परंतु अगर ऐसा होता तो स्थिति आज इतनी गंभीर न होती उल्लेखनीय है कि पंजाब में वेरका द्वारा बेचा जा रहा दूध और दूध से बने उत्पाद घर-घर में इस्तेमाल होते हैं अब गंभीर स्थिति उत्पन्न होने के बाद सरकार को चाहिए कि वर्क के हर प्लांट में सैंपलों की रूटीन में जांच हो क्योंकि यह लोगों की शेष से जुड़ा हुआ मामला होने के साथ-साथ सरकार के ब्रांड की गुणवत्ता भी संदिग्ध हो गई है

### विपक्ष हुआ मुखर

मामले की उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए। यह गंभीर लापरवाही है और इससे वेरका ब्रांड की छवि को नुकसान पहुंचा है।

### अमरिंदर सिंह राजा वडिंग कांग्रेस अध्यक्ष

बाजवा बोले-कांग्रेस के सीनियर नेता प्रताप सिंह बाजवा का कहना है कि खाने पीने की वस्तुओं की जांच के बारे में लापरवाही ने वेरका को भी इस हालत में पहुंचा दिया है कि उसका मिल्क पाउडर भारतीय सेना द्वारा अस्वीकार कर दिया गया।

### मजीठिया ने कहा-लोगों की सेहत से खिलवाड़

शिरोमणि अकाली दल के नेता बिक्रम मजीठिया ने कहा कि देश की सशस्त्र सेना (आर्मी) को सप्लाई किए जाने में दूध में बाहरी कांड मिलने के बाद सरकार की छवि को भी नुकसान पहुंचा है। देश की सशस्त्र सेना (आर्मी) ने वेरका, जो पंजाब सरकार का एक सहकारी संस्थान है, द्वारा सप्लाई किए गए सूखे दूध को पूरी तरह खारिज कर दिया। सवाल उठ रहा है कि यही दूध पंजाब में बिना जवाबदेही के बेचा जा रहा है और करोड़ों लोगों की सेहत से खिलवाड़ हो रहा है।

# बिशनपुरा डंपिंग ग्राउंड में कूड़े के पहाड़

## 31 मार्च की जीरो वेस्ट योजना होती नजर फेल, सुखना नदी किनारे तक पहुंचा कचरा, बढ़ा खतरा

जीरकपुर/यूटर्न/27 मार्च। शहर को 31 मार्च तक 'जीरो वेस्ट' बनाने के दावों के बीच बिशनपुरा डंपिंग ग्राउंड की हकीकत इन दावों की पोल खोल रही है। यहां कूड़े के बड़े-बड़े ढेर पहाड़ का रूप ले चुके हैं, जिससे नगर कौंसिल की योजना पूरी तरह विफल होती नजर आ रही है। कागजों में शहर भले साफ-सुथरा दिखाया जा रहा हो, लेकिन जमीनी स्तर पर स्थिति बेहद चिंताजनक बनी हुई है।

नगर कौंसिल ने नवंबर 2025 में सेंटन लाइफ कंपनी को करीब 16 करोड़ रुपए का दो साल का टेंडर दिया था। कंपनी को घर-घर से कूड़ा उठाने और रोजाना निकलने वाले करीब 90 टन कचरे के निपटारे की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। हालांकि, मौजूदा हालात से




साफ है कि डंपिंग ग्राउंड स्तर पर व्यवस्था बुरी तरह चरमरा गई है। शहर से कूड़ा उठाकर एक ही स्थान पर डंप किया जा रहा है, जहां उसका समय पर निपटारा नहीं हो पा रहा। स्थिति तब और गंभीर हो गई जब कूड़े के ढेर सुखना नदी के किनारे तक पहुंचने लगे। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल द्वारा इस क्षेत्र में कचरा डालने पर रोक के बावजूद यह हालात नियमों के उल्लंघन की ओर इशारा करते हैं। इससे पहले भी नगर कौंसिल को ऐसे मामलों में जुमार्ना भरना पड़ चुका है। डंपिंग ग्राउंड पर आवारा पशुओं की भरमार, बदबू और मक्खियों के कारण आसपास के लोगों का जीना दूभर हो गया है। स्थानीय निवासियों में नगर कौंसिल के खिलाफ रोष लगातार बढ़ रहा है। बढ़ते कूड़े और पुराने ढेरों के कारण यह समस्या और विकराल होती जा रही है।

### मनोज कुमार, सैनिटरी इंस्पेक्टर

'डंपिंग ग्राउंड से कूड़ा उठाने के लिए कंपनी पर लगातार दबाव बनाया जा रहा है। पहले 31 मार्च तक लक्ष्य था, लेकिन अब इसे 15 अप्रैल तक पूरा किया जाएगा।

### सीर्थ मल्होत्रा, कंपनी प्रतिनिधि

'सरकार की रोक के कारण फरवरी तक कूड़े की उठान प्रभावित रही। अब रोजाना करीब 300 टन कचरा उठाया जा रहा है और जल्द ही स्थिति सामान्य कर दी जाएगी।'

# मोहाली में पूर्व सरपंच पर जानलेवा हमला:5 हमलावरों ने रॉड से तोड़ी दोनों टांगे



मोहाली/यूटर्न/27 मार्च।मोहाली जिले के डेराबस्सी क्षेत्र के कूड़ा गांव में पूर्व सरपंच पर कार सवार बदमाशों ने हमला कर दिया। इस हमले में घायल सरपंच को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया हैं, जहां उनका इलाज चल रहा है। इस मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, पूर्व सरपंच रोज की तरह आज सुबह करीब 6 बजे दूध सप्लाई करने निकले थे। इसी दौरान एक शिफ्ट कार में सवार होकर आए लगभग 5 बदमाशों ने उन्हें रास्ते में घेर लिया और लोहे की रॉड से हमला कर दिया। आरोपियों ने करीब 15 से 20 मिनट तक लगातार मारपीट की, जिससे उनकी दोनों टांगें टूट गई। हमले के दौरान सरपंच ने हमलावरों से गुहार लगाई और अपना मोबाइल फोन देने की भी कोशिश की, लेकिन हमलावर नहीं माने। इसके बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। घायल सरपंच को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। किसी से कोई रंजिश नहीं पीड़ित ने पुलिस को बताया कि उसकी किसी से कोई रंजिश नहीं है और वह केवल दूध के कारोबार से जुड़े हैं। उन्होंने अपनी सुरक्षा को लेकर चिंता व्यक्त की है और प्रशासन से न्याय की मांग की है। पुलिस ने दी गई शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए जांच तेज कर दी गई है।

# डेराबस्सी के पास कूड़ावाल गांव में पूर्व सरपंच पर जानलेवा हमला

## अस्पताल में चल रहा इलाज, पुलिस को दी शिकायत



डेराबस्सी/यूटर्न/27 मार्च। डेराबस्सी के नजदीकी कूड़ावाल गांव में पूर्व सरपंच हरजिंदर कुमार पर जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। गंभीर रूप से घायल अवस्था में उन्हें डेराबस्सी के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। पीड़ित ने इस संबंध में पुलिस को शिकायत दे दी है, जिसके बाद पुलिस जांच में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार, हरजिंदर कुमार रोजाना की तरह सुबह करीब 6 बजे दूध सप्लाई करने के लिए घर से निकले थे। इसी दौरान एक स्विफ्ट कार में सवार होकर आए करीब पांच युवकों ने रास्ते में उन्हें घेर लिया और लोहे की रॉड से हमला कर दिया।

पीड़ित ने हमलावरों से कहा कि वे जो भी चाहते हैं ले लें और अपना मोबाइल फोन भी देने की कोशिश की, लेकिन आरोपियों ने एक नहीं सुनी। करीब 15 से 20 मिनट तक लगातार मारपीट करते हुए हमलावरों ने उनकी दोनों टांगें तोड़ दीं और मौके से फरार हो गए। घायल हरजिंदर कुमार को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों के अनुसार उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। पीड़ित का कहना है कि उसकी किसी से कोई रंजिश नहीं है और वह केवल अपने दूध के कारोबार में ही लगा हुआ है। उन्होंने प्रशासन से इंसाफ की मांग करते हुए अपनी जान को खतरा बताया है।

चंडीगढ़
यूटर्न टाइम
The Good, Bad and Ugly of India
III   शनिवार, 28 मार्च 2026



पेज 12 फूड सप्लाई विभाग की अचानक छापेमारी....

# पानी महंगा करने पर बवाल: मनीमाजरा एहर एसोसिएशन ने निगम के फैसले को बताया 'गरीबों पर बोझ', आंदोलन की चेतावनी

चंडीगढ़/यूटर्न/27 मार्च। मनीमाजरा EWS रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन ने चंडीगढ़ नगर निगम द्वारा पानी के टैरिफ, सीवरेज सेस और कचरा संग्रहण शुल्क में बढ़ोतरी के फैसले का कड़ा विरोध किया है। एसोसिएशन ने इसे आम जनता, खासकर आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) पर सीधा हमला बताया है। एसोसिएशन के प्रधान श्याम सुंदर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजबीर सिंह भारतीय और चेयरमैन सुभाष धीमान ने संयुक्त बयान जारी कर कहा कि 1 अप्रैल से लागू होने वाली 5% पानी दर वृद्धि और अन्य शुल्कों में बढ़ोतरी 'जनविरोधी' है और इसे तुरंत वापस लिया जाना चाहिए।





राजबीर भारतीय,   सुभाष धीमान,   श्याम सुन्दर

## हर साल करोड़ों का अतिरिक्त बोझ

एसोसिएशन के अनुसार, पानी के टैरिफ में बढ़ोतरी से नगर निगम को सालाना करीब 7.5 से 8 करोड़ रुपये अतिरिक्त राजस्व मिलेगा। वहीं कचरा संग्रहण शुल्क में 5% वृद्धि से करीब 1.2 करोड़ रुपये की अतिरिक्त वसूली होगी। इसके अलावा, सीवरेज सेस पानी की खपत का 20% होने के कारण पानी महंगा होने पर यह भी स्वत: बढ़ जाएगा, जिससे लोगों पर दोहरा आर्थिक बोझ पड़ेगा।

## निगम की नाकामी का बोझ जनता क्यों उठाए?

एसोसिएशन पदाधिकारियों ने नगर निगम पर



गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि मनीमाजरा में 24x7 पानी सप्लाई का पायलट प्रोजेक्ट विफल रहा है और इस मामले में विजिलेंस जांच चल रही है। इसके बावजूद अधिकारियों की जवाबदेही तय करने के बजाय आम जनता पर टैक्स बढ़ाया जा रहा है।

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि वित्तीय अनियमितताओं से जुड़े मामलों में कार्रवाई अधूरी है और 'बड़े जिम्मेदार' अब भी बाहर हैं।

## महंगाई के बीच बढ़ा दबाव

एसोसिएशन का कहना है कि पहले से ही बढ़ती महंगाई रसोई गैस, बिजली और अन्य जरूरी सेवाओं के दाम आम आदमी की कमर तोड़ रहे हैं। ऐसे में पानी की दरों में वृद्धि से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग पर और दबाव बढ़ेगा।

## आंदोलन की चेतावनी

एसोसिएशन ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि 1 अप्रैल से लागू होने वाली यह बढ़ोतरी तुरंत वापस नहीं ली गई, तो मनीमाजरा क्षेत्र के हजारों निवासी सड़कों पर उतरेंगे। पदाधिकारियों ने कहा कि वे जल्द ही नगर निगम कार्यालय का घेराव करने को मजबूर होंगे और इस फैसले के खिलाफ बड़ा आंदोलन छेड़ा जाएगा।

## प्रशासन से पुनर्विचार की मांग

एसोसिएशन ने मांग की है कि नगर निगम इस फैसले पर दोबारा विचार करे और गरीब वर्ग को राहत देने के लिए बढ़ी हुई दरों को वापस ले।

# चंडीगढ़ के मेयर सौरभ जोशी का पैर मुड़ा, लेकिन कदम नहीं रुके

पुनीत महाजन



चंडीगढ़/यूटर्न/27 मार्च। कल सेक्टर-30 में राम नवमी कार्यक्रम के दौरान मंच से नीचे उतरते समय मेरा बायाँ पैर मुड़ गया। दर्द के बावजूद मैंने सभी निर्धारित कार्यक्रमों में भाग लिया, क्योंकि जनता की सेवा मेरे लिए सर्वोपरि है। शाम को वापस लौटते समय मैं सेक्टर-16 जनरल अस्पताल पहुँचा, जहाँ डॉक्टरों ने तुरंत एक्स-रे किया और एहतियात के तौर पर मेरे बाएँ पैर पर प्लास्टर लगा दिया। ईश्वर की कृपा और आप सभी के आशीर्वाद से अब मैं बेहतर महसूस कर रहा हूँ। डॉक्टरों एवं अस्पताल स्टाफ का त्वरित उपचार के लिए धन्यवाद, और फोन व संदेशों के माध्यम से चिंता व्यक्त करने वाले सभी शुभचिंतकों का हृदय से आभार। पैर पर प्लास्टर है, लेकिन जनसेवा का संकल्प पहले से भी मजबूत है। जनता की सेवा जारी रहेगी — इसे कोई नहीं रोक सकता।
सदैव आपकी सेवा में।

# महाजन सभा ने सुन्दरनगर हिमाचल प्रदेश परलोक धाम श्मशान घाट के निर्माण कार्य के लिए दिए 11000 रुपए का चंदा

पुनीत महाजन



चंडीगढ़/यूटर्न/27 मार्च। महाजन सभा सुन्दरनगर ने प्रधान श्री विरेन्द्र गुप्ता की अध्यक्षता में चवातर श्मशान घाट नजदीक पॉलिटेक्निक कालेज सुन्दरनगर जिला मंडी हिमाचल प्रदेश निर्माण कार्य के लिए 11000 रू का चैक प्रदान किया नई दिशा नई सोच के प्रधान श्री रोहित सोनी व कोषाध्यक्ष श्री जयदेव पलटा को प्रदान किया, उन्होंने महाजन सभा के सभी माननिय सदस्यों का धन्यवाद किया, जिनके सहयोग से यह पुनित कार्य हो रहे हैं यह श्मशान धाट, मोक्ष धाम भोजपुर सुन्दरनगर के बाद दूसरा सबसे बडा श्मशान धाट है जो सुन्दरनगर के वार्ड न 1,2,3,व 5 के सदस्यों को आधुनिक सुविधाऐं प्रदान कर रहा है। । इस अवसर सभा के वरिष्ठ उप प्रधान ई जे पी गुप्ता भी उपस्थित रहे।

# पंजाब को शिक्षा, सड़क सुरक्षा और 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' में नंबर 1 का अवॉर्ड मिला - अरोड़ा

चंडीगढ़/यूटर्न/27 मार्च। कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा ने गुरुवार को सराभा नगर में एक नुक्कड़ सभा के दौरान मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार का चार साल का रिपोर्ट कार्ड पेश किया। सभा को संबोधित करते हुए अरोड़ा ने कहा कि पंजाब तेजी से विकास की ओर बढ़ रहा है और जल्द ही एक जीवंत 'रंगला पंजाब' में बदल जाएगा। उन्होंने दावा किया कि पिछले चार सालों में राज्य में ऐतिहासिक और अभूतपूर्व विकास हुआ है, जिसकी पहले कभी कल्पना भी नहीं की गई थी और जो पिछले 70 सालों में कभी नहीं हुआ था। अरोड़ा ने यह भी दोहराया कि भारत सरकार ने पंजाब को सड़क सुरक्षा, शिक्षा और 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' के क्षेत्र में नंबर-1 राज्य का अवॉर्ड दिया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि पंजाब के इतिहास में यह पहली बार है जब राज्य को इन अहम क्षेत्रों में इतनी बड़ी पहचान मिली है। उन्होंने आगे कहा कि अब पूरे देश में इस बात की चर्चा हो रही है कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के असाधारण प्रयासों की बदौलत पंजाब देश का नंबर एक राज्य बनने की दिशा में कैसे आगे बढ़ रहा है।



## महिलाओं को जल्द मिलेगी राशि सहायता

अरोड़ा ने घोषणा की कि पंजाब में महिलाओं को जल्द ही मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान द्वारा घोषित 1000 रुपये और 1500 रुपये प्रति माह की वित्तीय सहायता मिलनी शुरू हो जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि राज्य की सड़कें जल्द ही कूड़ा-करकट से मुक्त हो जाएंगी और देश में सबसे बेहतरीन सड़क ढांचा यहाँ होगा।

## चार साल से मिल रही बिजली फ्री

अरोड़ा ने बताया कि पिछले चार सालों से पंजाब के हर घर को हर महीने 300 यूनिट मुफ्त बिजली मिल रही है। उन्होंने आगे बताया कि 75 प्रतिशत किसानों को सुबह के समय बिना किसी रुकावट के बिजली मिल रही है, जिसे आने वाले धान के मौसम में बढ़ाकर 95 प्रतिशत कर दिया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि ढरढउछ की सेवाओं को और ज्यादा कुशल और प्रभावी बनाया गया है, जिसके परिणामस्वरूप ज्यादा मुनाफा, कम नुकसान और बेहतर व बिना किसी रुकावट के बिजली की आपूर्ति हो रही है। उन्होंने यह भी ज़िक्र किया कि पंजाब सरकार ने हर पंजाबी के लिए 10 लाख रुपये तक की एक 'यूनिवर्सल कैशलेस स्वास्थ्य बीमा योजना' शुरू की है, जिससे पंजाब देश का पहला ऐसा राज्य बन गया है जिसने इतना व्यापक कार्यक्रम लागू किया है।

# इमिग्रेशन फ्रॉड: विदेश भेजने के नाम पर 49 लाख की ठगी, एलांते मॉल की एजेंसी पर केस दर्ज

चंडीगढ़/यूटर्न/27 मार्च। शहर में इमिग्रेशन फ्रॉड का एक बड़ा मामला सामने आया है, जहां विदेश भेजने का झांसा देकर लाखों रुपये ठग लिए गए। पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, थाना इंडस्ट्रियल एरिया (क/अ) में एफआईआर नंबर 40 दर्ज की गई है। यह शिकायत पूरन सिंह निवासी सहारनपुर (उत्तर प्रदेश) ने दी है। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके एक परिचित को विदेश भेजने के नाम पर करीब 49 लाख रुपये की ठगी की गई। इस मामले में विक्रम सिंह, हरसिमरन सिंह, बलजोत सिंह समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। ये सभी Raj Immigration Services से जुड़े बताए जा रहे हैं, जिनका दफ्तर ए'ल्लड़ी ट'' में स्थित है। पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने पीड़ित को विदेश भेजने का भरोसा दिलाकर बड़ी रकम हासिल की, लेकिन बाद में न तो उसे विदेश भेजा गया और न ही पैसे वापस किए गए।

Uturn Time 28 Mar 2026_Layout 2 27-03-2026 23:17 Page 6



# हर बेटी में विद्यमान है मां आदि शक्ति का उज्जवल स्वरुप - महंत प्रवीण चौधरी



लुधियाना/यूटर्न/27 मार्च। मां बगलामुखी धाम में विशेष यज्ञ के साथ नवरात्रा उत्सव को विश्राम दिया गया। महंत प्रवीण चौधरी जी की तरफ से उच्चारित मंत्रो के साथ सैंकड़ो भक्तों ने यज्ञ में आहुतियां डाल सामूहिक रुप से कंजक पूजन कर मां भगवती का आशीर्वाद लिया। महंत प्रवीण चौधरी जी ने कंजक पूजन के महत्व से अवगत करवाते हुए कहा नवरात्रों में कंजक पूजन का तभी लाभ होगा जब हम धरातल पर बेटियो के साथ-साथ बहूओ का भी सम्मान करेंगे। हर बेटी में आदि शक्ति का उज्जवल स्वरुप विद्यमान है। बेटियो के बिना घर परिवार अधूरा है। बेटी का स्नेह, बेटी का सम्मान जीवन को स्वर्ग बना देता है। इस अवसर पर मनप्रीत छतवाल, कर्ण शांडिल्या, सुनील महाजन, रमन घई, जतिन्द्र सूद, मोहित सूद, राणा रणजीत सिंह, सुधीर महाजन, गौरव कालिया, जतिन सूद, परमवीर चौधरी, संदीप सूद, सुनील हांडा, नरिंदर सिंगला, इकबाल सिंह, बलजीत त्रिखा, गौतम सचदेवा, नरिंन्द्र महाजन, तरुण चौधरी, अंकुश सिंगला, चेतन टंडन, साहिल सिंगला, राज सोंलकी, पंकज गुप्ता, दीपक गर्ग, दिनेश रल्ली, वरूण जैन, मनीष गुप्ता, विजय गुप्ता, रमन शर्मा, आदित्य गुप्ता, वरुण चोपड़ा सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

# राम नवमी के पावन पर्व को बड़ी श्रद्धा से मनाया गया



लुधियाना/यूटर्न/27 मार्च। मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम चंद्र जी के अवतरण दिवस राम नवमी के पावन पर्व को बड़ी श्रद्धा और प्यार से श्री गीता मंदिर विकास नगर में मनाया गया। पहले श्री रामायण जी के पाठ का समापन किया गया। इसके उपरांत संगीतमय भजनों से धार्मिक गायक सन्नी ने श्री राम जी के सुंदर सुंदर भजन गा करके माहौल राम मय का दिया और श्रद्धालु भाव भिवोर होकर के नाचने लगे और श्री राम के उद्घोष लगाने लगे। इस अवसर पर भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। जिनमें उमा शांता वोहरा, ममता चौहान, रीना बेदी, अनु हांडा, कुसुम जेटली, डिंपल पब्बी, रश्मि अरोरा, किरण चोपड़ा, शारदा भाटिया, आदर्श अरोड़ा, सिया भनोट, मोनिका गुप्ता,ऊ षा धुरिया, सीमा पठनीय, अलका, नीरज ढांडा, बाला कपूर आदि ने रामायण पाठन और आरती में भाग लिया। पंडित मंगलानंद जोशी, पंडित अनिल, रमा कांत, हरि प्रसाद ने श्री राम जी के जीवन पर प्रकाश डाला। मंदिर सभा के कुलदीप चोपड़ा, ओम प्रकाश शर्मा,पवन कांत वोहरा, प्रदीप ढल, रणधीर शर्मा, चंदर प्रकाश वोहरा, तेजिंदर कपूर, गौरव चोपड़ा, राजन उप्पल आदि उपस्थित थे।

## रूह से रूबरू





चारू नागपाल

# काश हमारी आदत भी बदल जाए!

आज पूरा विश्व पेट्रोल और डीजल के बढ़ते संकट के कारण परेशान और चिंतित दिखाई दे रहा है। ईंधन की कीमतों में लगातार वृद्धि ने आम लोगों के जीवन पर गहरा प्रभाव डाला है। परिवहन महंगा हो गया है, महंगाई बढ़ रही है और कई देशोंकी अर्थव्यवस्था भी दबाव में है। ऐसे समय में लोग भविष्य को लेकर असुरक्षित महसूस कर रहे हैं और एक तरह का वैश्विक पैनिक देखने को मिल रहा है। लेकिन इसी दुनिया में नीदरलैंड एक ऐसा देश है जो इस संकट से काफी हद तक बेफिक्र नजर आता है। इसका मुख्य कारण वहां की जीवनशैली है। नीदरलैंड के लोग बड़ी संख्या में साइकिल का उपयोग करते हैं। वहां साइकिल चलाना केवल एक शौक नहीं, बल्कि रोजमर्रा की जिंदगी का महत्वपूर्ण हिस्सा है। स्कूल जाने वाले बच्चे हों या ऑफिस जाने वाले कर्मचारी, अधिकतर लोग साइकिल से ही सफर करते हैं। सरकार ने भी साइकिल चलाने को बढ़ावा देने के लिए बेहतरीन इंफ्रास्ट्रक्चरतैयार किया है, जैसे अलग साइकिल लेन और सुरक्षित रास्ते। इससे न केवल ईंधन की बचत होती है, बल्कि पर्यावरण भी स्वच्छ रहता है और लोग स्वस्थ भी रहते हैं। नीदरलैंड का यह उदाहरण हमें सिखाता है कि अगर हम अपनी आदतों में बदलाव लाएं, तो हम भी इस तरह के संकटों से काफी हद तक बच सकते हैं बस जरूरत है हमें समाज की सोच को बदलने की। काश हमारे देश में भी महंगी गाड़ियाँ खरीदने और चलाने को होड़ की बजाय लोग साइकिल चलाना इज्जत का सवाल समझने लग जाएँ तो हमारा देश भी इंधन की कमी के दबाव से बाहर निकल कर और अधिक तरक्की की तरफ चल पड़े।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

**Encroachment (अतिक्रमण) क्या होता है और इसे हटाने की कानूनी प्रक्रिया क्या है?**

संपत्ति विवादों में एक आम समस्या है— Encroachment, यानी किसी व्यक्ति द्वारा दूसरे की जमीन या सार्वजनिक स्थान पर धीरे-धीरे कब्जा कर लेना। यह अक्सर सीमाओं (boundary) के छोटे बदलाव से शुरू होता है और समय के साथ बड़ा विवाद बन जाता है। Encroachment निजी भूमि पर भी हो सकता है और सार्वजनिक भूमि—जैसे सड़क, पार्क या सरकारी जमीन—पर भी। दोनों स्थितियों में प्रक्रिया अलग हो सकती है।

यदि अतिक्रमण आपकी निजी संपत्ति पर हुआ है, तो सबसे पहले जमीन की boundary और रिकॉर्ड स्पष्ट होना चाहिए। इसके बाद संबंधित व्यक्ति को नोटिस देकर आपत्ति जताई जा सकती है। यदि समस्या हल न हो, तो सिविल अदालत में Suit for Injunction या Suit for Possession दायर किया जा सकता है, जिसमें अतिक्रमण हटाने और भविष्य में रोक लगाने की मांग की जाती है। यदि अतिक्रमण सार्वजनिक भूमि पर है, तो स्थानीय प्रशासन—जैसे नगर निगम या पंचायत—को शिकायत दी जा सकती है। ऐसे मामलों में प्रशासन को अतिक्रमण हटाने की जिम्मेदारी होती है। कई बार लोग यह सोचकर चुप रहते हैं कि छोटा सा अतिक्रमण है, लेकिन समय के साथ यही स्थिति स्थायी विवाद बन सकती है। इसलिए शुरूआती स्तर पर ही कार्रवाई करना महत्वपूर्ण होता है।

निष्कर्ष : Encroachment धीरे-धीरे बढ़ने वाली समस्या है। समय पर पहचान और कानूनी कार्रवाई ही इसे बड़ा विवाद बनने से रोक सकती है। जमीन की स्पष्ट सीमाएँ और दस्तावेज आपकी सबसे बड़ी सुरक्षा हैं।

# किन्नर मंदिर में रामनवमी पर 151 कन्याओं का कंजक पूजन



चंडीगढ़/यूटर्न/27 मार्च। चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर रामनवमी का पर्व जय माता किन्नर मंदिर, बापूधाम सेक्टर 26 में बड़ी ही श्रद्धाभाव और भक्तिमय रूप से मनाया गया। परमपूज्यपाद जय माता मंदिर पीठाधीश्वर श्री श्री 1008 महामण्डलेश्वर

माँ कमलीनन्द गिरी अंतरराष्ट्रीय किन्नर अखाड़ा व जूना अखाड़ा की देखरेख में मंदिर परिसर में कंजक पूजन और 108 कलश के जल से माता का अभिषेक किया गया। परमपूज्यपाद जय माता मंदिर पीठाधीश्वर श्री श्री 1008 महामण्डलेश्वर माँ कमलीनन्द गिरी महाराज ने बताया कि मंदिर में नवरात्र का पर्व बड़े ही श्रद्धाभाव और भक्तिभाव से मनाया गया। मंदिर में नौ दिन माता के नौ स्वरूपों की मंदिर के 09 पुजारियों द्वारा श्रद्धाभाव से पूजा अर्चना की गई। उन्होंने बताया कि नवरात्र के दौरान रामनवमी अवसर पर 151 कन्याओं एवम लगभग 50 बालकों का पूजन किया गया। इसके अलावा सभी को आशीर्वाद भी दिया गया है। नौ दिन माता की पूजा अर्चना की गई है। आज रामनवमी अवसर पर हवन यज्ञ, माता की आरती, 09 पंडित पूजन सहित कंजक पूजन किया गया ।

# नागपुर में धूमधाम से निकाली गई रामनवमी शोभायात्रा





दिनेश मौदगिल

नागपुर/ लुधियाना/यूटर्न/27 मार्च। महाराष्ट्र के नागपुर में स्थित पोद्दारेश्वर राम मंदिर से श्रीरामनवमी के शुभ अवसर पर विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया गया। पूरे उत्साह और धूमधाम के साथ निकाली गई इस शोभायात्रा में लगभग 50 झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। हजारों श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह के साथ इस शोभायात्रा का स्वागत किया। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी तथा पालकमंत्री चंद्रशेखर बावनकुले विशेष तौर पर शोभायात्रा में शामिल हुए और शोभा यात्रा का शुभारंभ किया तथा पालकी-पूजन किया। शोभायात्रा में शामिल झांकियों ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। शोभायात्रा के पूरे मार्ग में 'जय श्रीराम' के उद्घोष से वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रीरामनवमी के शुभ अवसर पर सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में विशेष पूजा-अर्चना और अभिषेक किया गया। इसके बाद पारंपरिक तरीके से सुसज्जित रथ पर भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण और हनुमानजी की सुंदर झांकी सजाकर शोभायात्रा निकाली गई। जगह-जगह फूलों की वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया गया। ढोल-ताशों, भजन-कीर्तन और जय श्रीराम के नारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर शहर के विभिन्न सामाजिक संगठनों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया।

# कैबिनेट मंत्री अरोड़ा ने लुधियाना के लिए बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर विकास की घोषणा की

लुधियाना/यूटर्न/27 मार्च। कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा ने शुक्रवार को लुधियाना में एक उच्च-स्तरीय विभागीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें कई प्रमुख विकास परियोजनाओं को मंजूरी दी गई और चल रहे कार्यों को समय पर पूरा करने के निर्देश जारी किए गए। अरोड़ा ने लोधी रोड पर एक नए फायर ब्रिगेड स्टेशन को मंजूरी देने की घोषणा की, जिससे इस क्षेत्र में अग्निशमन सेवाओं की लंबे समय से चली आ रही कमी दूर होगी। पैदल चलने वालों की सुरक्षा में सुधार के लिए बस स्टैंड के बाहर रैंप वाला एक फुट ओवर ब्रिज भी मंजूर किया गया, जिसमें दोपहिया वाहनों के लिए भी व्यवस्था होगी। मंत्री ने जवाहर कैंप और हैबोवाल इलाकों में छतों की मरम्मत के लिए 2 करोड़ रुपये और शहर के तीन स्कूलों में विकास कार्यों के लिए 1.25 करोड़ रुपये मंजूर किए। नगर निगम को निर्देश दिया गया कि वह मानसून से पहले, दो महीने के भीतर पूरे शहर में सीवर की गाद निकालने (डी-सिल्टिंग) का काम पूरा करे।



## प्रमुख प्रवेश बिंदुओं पर इंफ्रास्ट्रक्चर की समीक्षा:

1. फिरोजपुर रोड, जालंधर बाईपास, चंडीगढ़ रोड और दिल्ली रोड।
2. 22 चौकों के पुनर्विकास और पांच चौराहों पर ट्रैफिक लाइट लगाने की घोषणा की गई।
3. जगराओं पुल की दीवार की मरम्मत और वेरका अंडर-ब्रिज के उन्नयन के लिए टेंडर जारी किए जाएंगे।
4. ढोलेवाल और ग्रैंड वॉक इलाकों में पंप मोटर लगाए जाएंगे।
5. 43 सड़क मरम्मत कार्यों, 'आम आदमी क्लीनिक' और छह पार्कों में हुई प्रगति की समीक्षा की गई।
7. प्रस्तावित 'साइकिल वैली बाईपास'

## 3 किलोमीटर लंबे बाईपास का प्रस्ताव प्रस्तुत होगा

इसके अलावा, ऋ्छअऊ्अ और सिंचाई विभाग से चंडीगढ़ रोड को दिल्ली ऋ्छ रोड से जोड़ने वाले लगभग 3 किलोमीटर लंबे बाईपास का प्रस्ताव प्रस्तुत करने को कहा गया। इसका उद्देश्य भारी व्यावसायिक वाहनों को जमालपुर, सेक्टर 32 और समराला चौक जैसे भीड़भाड़ वाले इलाकों से दूर दूसरे रास्ते पर मोड़ना है।

## एलपीजी की कोई कमी नहीं

अरोड़ा ने स्पष्ट रूप से कहा कि पंजाब और लुधियाना में आवासीय उपभोक्ताओं के लिए घरेलू एलपीजी की बिल्कुल भी कमी नहीं है, और इसकी आपूर्ति पूरी तरह से पर्याप्त है। उन्होंने नागरिकों से शांत रहने और घबराहट में खरीदारी करने या थोक में बुकिंग करने से बचने का आग्रह किया। मंत्री ने कड़ी चेतावनी दी कि एलपीजी सिलेंडर, पेट्रोल या डीजल की जमाखोरी करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। जबकि केवल व्यावसायिक एलपीजी में अस्थायी कमी है, अस्पतालों और छात्रावासों जैसी आवश्यक सेवाओं को आपूर्ति में प्राथमिकता दी जा रही है। जिन परिवारों को शादी-ब्याह के लिए कमर्शियल सिलेंडरों की जरूरत है, वे ज़िला प्रशासन से संपर्क कर सकते हैं, क्योंकि ऐसी जरूरतों के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। इस बैठक में डिप्टी कमिश्नर हिमांशु जैन, नगर निगम कमिश्नर डॉ. नीरू कात्याल गुप्ता और कई विभागों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

# लुधियाना में पेट्रोल-डीजल की किल्लत की अफवाहें, एसोसिएशन ने कहा कोई कमी नहीं



लुधियाना/यूटर्न/27 मार्च। अमेरिका-इजरायल और ईरान की जंग के कारण कई देश प्रभावित हुए हैं। हालांकि पंजाब में लगातार कभी एलपीजी गैस तो कभी पेट्रोल-डीजल की किल्लत आने के दावे किए जा रहे हैं। लेकिन केंद्र सरकार और कंपनियों द्वारा इसकी सप्लाई पहले की तरह रखी जा रही है। वहीं लुधियाना में भी ऐसी अफवाहें उड़ रही है। जिस कारण कई लोग बेहद परेशान भी हो चुके हैं। आए दिन कभी किसी की ओर से एलपीजी गैस तो किसी द्वारा पेट्रोल की कमी आने के दावे किए जा रहे हैं। बेशक एलपीजी गैस को लेकर कुछ एजेंसी मालिकों द्वारा ब्लैकिंग का काम किया जा रहा है। लेकिन केंद्र सरकार की तरफ से ऐसी किल्लत की कोई बात सामने नहीं है। वहीं अब वीरवार से पेट्रोल-डीजल की कमी होने की अफवाह के कारण भारी संख्या में लोग पेट्रोल पंपों पर वाहन लेकर पहुंच रहे हैं। लेकिन पंजाब पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन की ओर से इन फैल रही गलत बातों का खंडन किया है। उन्होंने कहा कि अफवाहों से पैनिक बढ़ रहा है। लेकिन जमीनीं सत्र पर ऐसी कोई दिक्कत नहीं है।

# पहरावे में युवाओं को चाहिए कुछ हटकर डिजाइनः नौशीना



दिनेश मौदगिल

लुधियाना, यूटर्न, 27 मार्च। वर्तमान समय में पहरावे की दुनियां में युवा वर्ग को स्टाइलिश और कुछ हटकर परिधान चाहिएं। जिससे उनके आकर्षण को चार चांद लग सके। ऐसे ही महिलाओं के लिए मुंबई की प्रख्यात डिजाइनर नौशीना कुछ खास आकर्षण वाले परिधान लेकर लुधियाना आई हैं। जिसमें शरारा और गाउन विशेष रूप से शामिल हैं। पार्क प्लाजा में लगी एक प्रदर्शनी में उन्होंने स्टाल लगाया है। उनके द्वारा तैयार डिजाइन आकर्षण का केन्द्र बने हुए हैं।

## सेलिब्रिटीज के लिए भी बना चुकी हैं परिधान

नौशीना ने बताया कि वह कई सेलिब्रिटीज के लिए भी परिधान तैयार कर चुकी हैं।। उन्होंने बताया कि वह बॉलीवुड सिंगर नेहा कक्कड़ और अल्का याग्निक सहित कई खास लोगों के लिए भी ड्रेस तैयार कर चुकीं हैं। नौशीना ने बताया कि कलेयर्स इंस्टीट्यूट बांद्रा मुंबई से उन्होंने फैशन डिजाइनिंग का कोर्स किया और पिछले 7 वर्षों से वह ड्रेस डिजाइनिंग के क्षेत्र से जुड़ी हुई है।

## अपने दिमाग की सोच से ही तैयार करतीं हैं क्रिएशन

उन्होंने कहा कि वह सिर्फ वही क्रिएशन तैयार करती हैं जो उनके दिमाग की सोच होती है और हर बार कुछ हटकर डिजाइन तैयार करने का प्रयास करती है, जो पब्लिक को काफी पसंद आती है। उन्होंने कहा कि खुद की क्रिएशन और ड्राइंग तैयार करके ही वह ड्रेस तैयार करती है।

## नए डिजाइन देखकर लोग हो रहे आकर्षित

उन्होंने बताया कि टिशु, क्रेप और जॉर्जेट फैब्रिकस का ही वह इस्तेमाल करती हैं और इस पर मोडिंग, पोजीशन और प्रिंट्स वर्क के साथ ही डिजाइनिंग करती है। उन्होंने बताया कि मुंबई में मौजूदा समय में यूथ में जैकेट, ब्लेजर और गाउन का ही ज्यादा क्रेज है। लुधियाना में आकर उन्हें अच्छा रिस्पांस मिला है क्योंकि नए डिजाइन देखकर लोग आकर्षित हो रहे हैं।

# पीएयू में सलाम किसान हुए सम्मिलित, ड्रोन शो का प्रदर्शन

लुधियाना/यूटर्न/27 मार्च। सलाम किसान ने 20-21 मार्च को पीएयू लुधियाना में आयोजित स्कूल ऑफ डिजिटल इनोवेशन फॉर स्मार्ट एग्रीकल्चर नामक कृषि प्रदर्शनी में सक्रिय रूप से भाग लिया। इस प्रदर्शनी में सलाम किसान ने ड्रोन प्रदर्शन किया, जिसमें उन्होंने स्प्रिंग के साथ लाइव डेमो दिखाए। किसानों ने इस प्रदर्शन को देखकर खुशी जाहिर की और सलाम किसान की इस पहल की सराहना की। इस अवसर पर, मुख्यमंत्री भगवंत मान ने पीएयू लुधियाना का दौरा किया और एआई पे विश्वास दिखाते हुवे कहा की, कृत्रिम बुद्धिमत्ता से किसानों का उत्पादन बढ़ सकता है। एआई आधारित सटीक कृषि समाधान के इस पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि सरकार कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीक को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। सलाम किसान की इस पहल से किसानों को नई उम्मीद मिली है और वे अपनी फसल की उत्पादकता बढ़ाने के लिए उत्साहित हैं। इस मोके पर विश्व खाद्य पुरस्कार विजेता वैज्ञानिक और पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित वैज्ञानिक डॉ. गुरुदेव सिंह खुश जी ने शिरकत की। सलाम किसान प्रेसिजन फार्मिंग और एग्रीटेक प्रैक्टिसेज पर ध्यान केंद्रित करता है, जिससे किसानों की उत्पादन दर बढ़ सकती है और अनावश्यक नुकसान कम हो सकता है। सलाम किसान के चंद्रपूर जिलहे से चिमुर प्रतिनिधि सुमित मुंगले आयोजन प्रबंधक की तौर पर और राज सिडाम ड्रोन पायलट कि तौर पर उपस्थित थे।





# जीरकपुर में रक्तदान शिविर, 38 यूनिट रक्त एकत्र

जीरकपुर/यूटर्न/27 मार्च। शहर में सामाजिक सरोकार के तहत शुक्रवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। विश्वास फाउंडेशन पंचकूला और इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी जिला शाखा मोहाली द्वारा गुरुदेव श्री स्वामी विश्वास जी के आशीर्वाद से यह शिविर जीरकपुर स्थित मेट्रो स्टोर के सामने लगाया गया। शिविर के दौरान एम केयर ब्लड सेंटर जीरकपुर की टीम ने डॉ. कार्तिक अग्रवाल की देखरेख में कुल 38 यूनिट रक्त एकत्रित किया।

Uturn Time 28 Mar 2026_Layout 2 27-03-2026 23:17 Page 8



# नेपाल में पूर्व रैपर बालेन शाह ने नए प्रधानमंत्री के तौर पर शपथ ली

चंडीगढ़/यूटर्न/27 मार्च। रैपर से राजनेता बने बालेन्द्र शाह ने नेपाल के प्रधानमंत्री के तौर पर शपथ ली है। पिछले साल युवाओं के नेतृत्व में हुए विरोध प्रदर्शनों के बाद देश में हुए पहले चुनाव में उन्हें जबरदस्त जीत मिली है। 35 साल के शाह का उदय नेपाली राजनीति में एक अहम बदलाव का संकेत है। बदलाव का उनका वादा उन मतदाताओं को पसंद आया जो भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद और रसूखदारों के शासन से नाराज थे। शुक्रवार को पदभार संभालने से पहले, शाह जिन्हें आम तौर पर 'बालेन' के नाम से जाना जाता है - ने नेपाल के भविष्य के बारे में आशावाद से भरा एक गाना रिलीज किया। अविभाजित नेपाली, इस बार इतिहास रचा जा रहा है,₹ उन्होंने एक ट्रैक में रैप किया, जिसे रिलीज होने के कुछ ही घंटों के भीतर 20 लाख से ज्यादा बार देखा गया। यह गाना उनके 'अंडरग्राउंड रैप' के दिनों की याद दिलाता है, जहाँ उन्होंने संगीत का इस्तेमाल करके नेपाल में भ्रष्टाचार और दूसरी सामाजिक समस्याओं को उजागर किया था।



## इंजीनियरिंग डिग्री होल्डर हैं शाह

स्कूल की पढ़ाई पूरी करने के बाद, उन्होंने काठमांडू से इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल की और बाद में दक्षिण भारतीय राज्य कर्नाटक से भी इंजीनियरिंग की पढ़ाई की। साल 2013 में, नेपाल में एक मशहूर 'रैप बैटल' जीतने के बाद वे रातों-रात मशहूर हो गए। उनके रैप के बोल इतने तीखे और दमदार थे कि उनमें एक ऐसी पीढ़ी की हताशा साफ झलकती थी, जिसे दबाया गया था और जिसे अकेला छोड़ दिया गया था। इसके बाद शाह ने कई ऐसे मशहूर गाने रिलीज किए, जिनमें इस हिमालयी देश में फैले भ्रष्टाचार और सामाजिक असमानता की आलोचना की गई थी। अपने खास अंदाज वाले चौकोर काले चश्मे, काले ब्लेजर और काली पैंट में वे अपने म्यूज़िक वीडियो में सबसे अलग नजर आते थे।

## कई गीत रहे चर्चित

उनके सबसे मशहूर गानों में से एक, बलिदान' को यूट्यूब पर अब तक 1 करोड़ 40 लाख से ज्यादा बार देखा जा चुका है। गाने के टाइटल का मतलब है 'बलिदान', और इसके कुछ बोल इस तरह हैं : ₹जब हम अपनी पहचान विदेशों में बेच रहे होते हैं, तब सरकारी कर्मचारियों को 30 हजार सैलरी मिलती है और 30 अलग-अलग जगहों पर उनकी प्रॉपर्टी होती है। सात समंदर पार काम करने वाले लोगों का कर्ज.कौन चुकाएगा? 2022 में, राजनीति में नए आए इस उम्मीदवार ने एक आजाद उम्मीदवार के तौर पर काठमांडू के मेयर का चुनाव भारी बहुमत से जीता, और उन पार्टियों को हराया जिन्होंने दशकों तक चुनावों पर राज किया था।

## तीन साल मेयर रहे तैनात

राजधानी काठमांडू के मेयर के तौर पर सिर्फ. तीन साल काम करने के बाद, शाह ने राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) के साथ हाथ मिलाया और प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के तौर पर इस महीने हुए आम चुनावों में निर्णायक जीत हासिल की। उनके समर्थक उन्हें बदलाव का प्रतीक और नेपाल की पुरानी राजनीतिक व्यवस्था की नाकामियों से मुक्ति दिलाने वाला मानते हैं। लेकिन कुछ लोग यह सवाल भी उठा रहे हैं कि क्या चार साल पुरानी पार्टी आरएसपी अपने बड़े-बड़े वादों को पूरा कर पाएगी। शाह का जन्म 1990 में काठमांडू के नारादेवी इलाके में हुआ था और वे अपने माता-पिता के सबसे छोटे बेटे हैं। उनके पिता आयुर्वेदिक डॉक्टर हैं और उनकी माँ घर पर रहकर परिवार की देखभाल करती थीं। शाह शादीशुदा हैं और अपनी पत्नी और बेटी के साथ रहते हैं।

## विवाद और चुनौतियाँ

हालाँकि, बालेन्द्र शाह का रिकॉर्ड पूरी तरह से बेदाग नहीं रहा है। मेयर के तौर पर, मानवाधिकार संगठनों ने उनकी इस बात के लिए आलोचना की कि उन्होंने राजधानी की सड़कों को साफ रखने और बिना लाइसेंस वाले कारोबारों पर नकेल कसने के अपने अभियान के दौरान, सड़क किनारे सामान बेचने वालों के खिलाफ पुलिस का इस्तेमाल करके सख़्ती दिखाई। शाह सोशल मीडिया पर भी विवादों में घिर चुके हैं। पिछले नवंबर में, उन्होंने फेसबुक पर एक ऐसा पोस्ट डाला था जिसमें उन्होंने अपशब्दों का इस्तेमाल करते हुए अमेरिका, भारत, चीन और नेपाल की कई राजनीतिक पार्टियों, जिनमें आरएसपी भी शामिल थी (जिसमें वे बाद में जनवरी में शामिल हुए) का ज़िक्र किया था। उन्होंने कुछ ही समय बाद वह पोस्ट हटा दिया था। इन विवादों के अलावा, शाह और उनकी पार्टी के नेताओं को बदलाव की चाह रखने वाले मतदाताओं की भारी उम्मीदों के साथ-साथ, कई तरह की चुनौतियों का भी सामना करना पड़ेगा।

## सत्ता तक का सफर

पिछले सितंबर में हुए विरोध प्रदर्शनों के दौरान भी शाह का संदेश देश के युवाओं के बीच गूंजता रहा; इन प्रदर्शनों में 77 लोगों की जान चली गई थी, जिनमें से कई प्रदर्शनकारी पुलिस की गोलियों का शिकार हुए थे। यह अशांति सोशल मीडिया पर लगाए गए बैन की वजह से शुरू हुई थी, लेकिन भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और आर्थिक ठहराव के प्रति लोगों के गुस्से ने इसे और भड़का दिया। प्रदर्शनकारियों ने उनके गाने नेपाल हसेको जिसका मतलब है मुस्कुराता नेपाल को अपने मुख्य गीतों में से एक के तौर पर अपना लिया। मैं नेपाल को मुस्कुराते हुए देखना चाहता हूँ, मैं नेपालियों के दिलों को खुशी से नाचते हुए देखना चाहता हूँ। मैं नेपाल को मुस्कुराते हुए देखना चाहता हूँ, मैं नेपालियों को खुशी-खुशी जीते हुए देखना चाहता हूँ इस गाने के बोल हफ़्तों तक सड़कों पर और घरों के अंदर गूंजते रहे।

# हाईकोर्ट का फैसला: सांसद अमृतपाल सिंह को पैरोल नहीं, संसद सत्र में शामिल होने की अनुमति से इनकार

चंडीगढ़/यूटर्न/27 मार्च। अमृतपाल सिंह को पंजाब एंड हरियाणा हाई कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। संसद सत्र में शामिल होने के लिए दायर उनकी पैरोल याचिका को अदालत ने खारिज कर दिया है, जिससे वह मौजूदा सत्र में भाग नहीं ले पाएंगे।

खडूर साहिब लोकसभा सीट से निर्वाचित अमृतपाल सिंह फिलहाल राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (ठअ) के तहत हिरासत में हैं। उन्होंने अदालत से गुहार लगाई थी कि एक जनप्रतिनिधि होने के नाते उन्हें संसद की कार्यवाही में



शामिल होने के लिए अस्थायी रिहाई दी जाए।

## 'जनप्रतिनिधि होने का अधिकार' का तर्क

याचिका में उनकी ओर से कहा गया था कि जनता ने उन्हें चुनकर संसद भेजा है, ऐसे में सत्र में भाग लेने से रोकना मतदाताओं के अधिकारों को भी प्रभावित करता है। उन्होंने सीमित अवधि के लिए पैरोल देने की मांग रखी थी।

## सरकार ने जताई सुरक्षा चिंता

मामले में राज्य सरकार और सुरक्षा एजेंसियों ने पैरोल का कड़ा विरोध किया। उनका कहना था कि अमृतपाल सिंह की रिहाई से कानून-व्यवस्था पर असर पड़ सकता है और सुरक्षा से जुड़े गंभीर खतरे पैदा हो सकते हैं।

## अदालत ने सुरक्षा को दी प्राथमिकता

दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया कि मौजूदा हालात में सुरक्षा और कानून-व्यवस्था सर्वोपरि हैं। अदालत ने सरकार के तर्कों को स्वीकार करते हुए पैरोल याचिका को खारिज कर दिया। इस फैसले के बाद अब अमृतपाल सिंह संसद के चल रहे सत्र में शामिल नहीं हो सकेंगे और फिलहाल हिरासत में ही रहेंगे।

# रक्तदान एक महान सेवा है, जो किसी के जीवन को बचाने का माध्यम बनती है - संजीव अरोड़ा






लुधियाना/यूटर्न/27 मार्च। न्यू यंग फाइव स्टार क्लब, भोला बाबा रत्न मुनि जैन युवा सोसायटी और मां वैष्णो देवी चैरिटेबल अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में 31 मार्च को भगवान महावीर जयंती के उपलक्ष्य में 49वां विशाल राज्यस्तरीय रक्तदान कैंप आयोजित किया जाएगा। यह कैंप सुंदर नगर स्थित किंग पैलेस में लगाया जाएगा। कैंप को सफल बनाने के लिए तैयारियां जोरों-शोरों से जारी हैं। आयोजकों द्वारा विभिन्न सामाजिक व शैक्षणिक संस्थाओं के साथ लगातार बैठकें की जा रही हैं और शहरवासियों को रक्तदान के लिए प्रेरित करने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आम आदमी पार्टी से मंत्री और हल्का वेस्ट विधायक संजीव अरोड़ा, गौतम स्क्रू प्रेस के एमडी विनोद जैन गोयम, स्पेस किंटवियर के अनिल जैन, नंदलाल जैन डीडी जैन कॉलेज और श्री महावीर जैन युवक मंडल की टीम को भी विशेष निमंत्रण दिया गया है। इस दौरान मंत्री संजीव अरोड़ा ने कहा कि रक्तदान एक महान सेवा है, जो किसी के जीवन को बचाने का माध्यम बनती है। महावीर जयंती के पावन अवसर पर आयोजित यह कैंप समाज के लिए प्रेरणादायक पहल है। इस मौके पार्षद पति मनु जैरथ, सचिन जैन, अंकित जैन, राजीव जैन, सार्थक जैन आदि उपस्थित रहे।

# ग्लोरियस लेडीज क्लब की महिलाओं ने जानी ग्लोबल एजुकेशन की राह



लुधियाना/यूटर्न/27 मार्च। ग्लोरियस लेडीज क्लब द्वारा आईडीपी के सहयोग से एक विशेष गेट-टुगेदर का आयोजन किया गया, जिसमें इन्फ्लूएंसर महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आपसी मेलजोल बढ़ाने के साथ-साथ ग्लोबल एजुकेशन के बढ़ते महत्व पर चर्चा करना रहा।इस दौरान अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा के अवसरों, बदलते ट्रेंड्स और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। उपस्थित सदस्यों ने विदेशों में शिक्षा से जुड़े नए विकल्पों और संभावनाओं की जानकारी प्राप्त की।क्लब की टीम में रुचिका थापर, मेधा श्री और मोना लेहरी ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया। वहीं, आईडीपी की ओर से तान्या मुटरेजा ने प्रतिभागियों को महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए मार्गदर्शन किया।कार्यक्रम के दौरान विभिन्न गतिविधियों और इंटरैक्टिव सेशंस का भी आयोजन किया गया, जिससे सभी सदस्यों को नई जानकारियां प्राप्त हुई और आपसी संवाद को भी बढ़ावा मिला।

# राजदीप सिंह साहू एसओआई के प्रधान नियुक्त

## शिअद के शहरी हलका इंचार्ज इकबाल सिंह बबली ढिल्लों ने किया स्वागत



सोनू टुटेजा
बठिंडा/यूटर्न/27 मार्च। शिरोमणि अकाली दल (शिअद) की छात्र इकाई स्टूडेंट्स ऑर्गेनाइजेशन ऑफ इंडिया (एसओआई) के प्रदेश अध्यक्ष रणवीर सिंह ढिल्लों ने नए संरचनात्मक ढांचे का ऐलान करते हुए राजदीप सिंह साहू को बठिंडा का जिला प्रधान नियुक्त किया है। इस नियुक्ति से पार्टी की युवा इकाई को बड़ी मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। राजदीप सिंह साहू वर्तमान में बठिंडा स्थित ज्ञानी जैल सिंह इंजीनियरिंग कॉलेज में बीटेक सिविल इंजीनियरिंग के विद्यार्थी हैं और छात्र राजनीति में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं।

# विधायक बग्गा ने ब्रेक फास्ट की टेबल पर संवाद कर की विकास कार्यों पर चर्चा



लुधियाना/यूटर्न/27 मार्च। विधायक चौधरी मदन लाल बग्गा ने विधानसभा उत्तरी के वार्ड 67 की गणमान्य शख्सियतों के साथ ब्रेक फास्ट की टेबल पर संवाद कर विकास कार्यों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। इस अवसर पर पार्षद शरणजीत कौर बाजवा, पार्षद अमन बग्गा, गौरव बग्गा व गुरवीर सिंह गोलू बाजवा भी उपस्थित रहे। स्थानीय सलेम टाबरी स्थित विधायक मुख्यलय में आयोजित संवाद में उपस्थित 150 से ज्यादा स्थानीय लोगों ने विधायक बग्गा के साथ बिताए अपनेपन के बेमिसाल चार साल का जिक्र करते हुए कहा हम लोगों ने कभी सोचा ही नहीं था कि विधानसभा उत्तरी को कोई ऐसा विधायक भी मिलेगा जो कि खुद गली-गली घूम कर विकास कार्य करवाने को प्राथमिकता देगा। शुरू-शुरू में तो यह सपने जैसा लगा। इसका मुख्य कारण बताते हुए लोगो ने कहा पिछले 30 वर्षो तक सतासीन रहे लोग वोट बटोरने के बाद पांच वर्ष बाद ही लौटते रहे। विधायक बग्गा ने जब वार्ड-67 के विकास का रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत किया तो स्थानीय लोगो ने कहा क्षेत्र का विकास खुद बोल रहा है कि विकास कैसे होता है।

# पुरानी कोतवाली मामले में राजनेता की एंट्री, भगवान के नाम वाली दुकान का मालिक बना बिचौला

## एक एडिशनल चार्ज लेने वाले अफसर ने अदा किया था अहम रोल, सेवादार ने भी खाई मलाई



लुधियाना/यूटर्न/27 मार्च। नगर निगम जोन-ए के पुरानी कोतवाली एरिया में बनी बेसमेंट समेत छह मंजिला पीएस मोबाइल स्पेयर पॉर्ट्स शॉप के मामले में आये दिन नए खुलासे हो रहे है। इस मामले में अब एल राजनेता की एंट्री होने की चर्चा है। चर्चा है कि मार्किट का एक दुकानदार राजनेता का करीबी है। जिसकी और से बिल्डिंग का बचाव करने का प्रयास किया जा रहा है। चर्चा है की उकत राजनेता के करीबी की मार्किट में भगवान के नाम वाली दुकान है। जिसकी और से बिचौले का रोल अदा किया जा रहा है। अब लोगों में राजनेता के नाम को लेकर चर्चा शुरू हो गई है। हालांकि इस मामले में यूटर्न टाइम्स अखबार द्वारा खबरें प्रकाशित करने के बाद निगम बिल्डिंग ब्रांच के इंस्पेक्टर हरमिंदर सिंह मक्कड़ मौके पर गए थे। जिनकी और से बिल्डिंग का निरीक्षण किया गया है। हालांकि अभी बिल्डिंग सील नहीं की गई है। नियमों के मुताबिक बिल्डिंग की सिर्फ डेढ़ मंजिल ही लीगल है। जिसके कुछ पैसे भी जमा है। हालांकि उसके ऊपर पड़ी मंजिलें और बेसमेंट नल तो लीगल हो सकती है और ना उसके पैसे जमा हो सकते है। जिसके चलते बेसमेंट और ऊपर की मंजिलें सिर्फ सील होंगी। अब देखना होगा के क्या सीलिंग की करवाही होगी या राजनेता के दबाव में रोक दी जाएगी।

### एडिशनल चार्ज वाले अफसर ने निभाई थी अहम भूमिका

वही चर्चा है की उक्त बिल्डिंग को बनवाने के लिए निगम की बिल्डिंग ब्रांच के एक अफसर ने अहम भूमिका निभाई थी। उक्त अफसर को कुछ समय के लिए निगम जोन ए का चार्ज मिला था। उसी समय के दौरान उसने बाजी मार डाली। अगर यह सच है तो मौजूदा अधिकारियों को उसकी जाँच कर उक्त अफसर का नाम सामने लाना चाइए।

### क्या सेवादारों ने नहीं देखी बिल्डिंग

वही चर्चा है की इस बिल्डिंग के अवैध निर्माण में एक सेवादार की भी खासी भूमिका रही है। या यूँ कह लें की सेवादार मलाई खाने में शामिल रहे है। वही हैरानी की बात तो यह है कि सेवादारों का काम इलाके में बन रही या बन चुकी अवैध बिल्डिंगों की जानकारी अफसरों को देकर एक्शन करना होता है। यह सवाल खड़े हो रहे है कि आम जानता को इस इमारत का पहले से पता था। फिर हर समय इलाके में रहने वाले सेवादार को क्यो पता नहीं चला। चर्चा है की एक सेवादार को प्रति बिल्डिंग फीस मिलती रही है।

# पंजाब में नर्सिंग स्टाफ की हड़ताल, सरकार ने दिए तुरंत काम पर लौटने के आदेश, कर्मचारी बोले नहीं करेंगे ड्यूटी जॉइन



पंजाब/यूटर्न/27 मार्च। पंजाब के मोहाली समेत तीन सरकारी मेडिकल कॉलेजों में करीब 1500 नर्सिंग कर्मचारी हड़ताल पर चले गए हैं। इसके जवाब में सरकार ने ईस्ट पंजाब एसेंशियल सर्विसेज (मेंटेनेंस) एक्ट, 1947 लागू करते हुए सभी कर्मचारियों को तुरंत ड्यूटी पर लौटने के निर्देश दिए, लेकिन नर्सों ने संघर्ष जारी रखने का फैसला किया है। यह हड़ताल 26 मार्च से शुरू हुई, जिसमें नर्सिंग स्टाफ 4600 ग्रेड-पे बहाल करने की मांग कर रहा है। यूनाइटेड नर्सेज एसोसिएशन ऑफ पंजाब के नेतृत्व में यह आंदोलन चल रहा है। एसोसिएशन के अध्यक्ष रमनजीत सिंह गिल के अनुसार, 2021 में ग्रेड-पे 4600 से घटाकर 2800 कर दिया गया था, जिससे वेतन में भारी कमी आई। नर्सों का कहना है कि जब तक उनकी मांग पूरी नहीं होती, आंदोलन जारी रहेगा।

# एस.सी.डी. सरकारी कॉलेज में वापसी नाटक का मंचन



लुधियाना/यूटर्न/27 मार्च। लुधियाना सतीश चंदर धवन सरकारी कॉलेज, लुधियाना में एक विचारोत्तेजक नाट्य प्रस्तुति का आयोजन किया गया, जिसमें बतौर मुख्य अतिथि डॉ. ऋषि पाल सिंह (आईएएस एवं रजिस्ट्रार पीएयू), नाटककार डॉ निर्मल जौरा (डीन कल्चर पीएयू लुधियाना) विशेष रूप से उपस्थित हुए। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ) गुरशरण जीत सिंह संधू ने आए हुए अतिथि का हार्दिक स्वागत किया तथा नाटक के सामाजिक रूप से प्रासंगिक संदेश और युवाओं में जिम्मेदार निर्णय लेने की प्रेरणा की सराहना की। डॉ. निर्मल जौरा द्वारा लिखित इस नाटक का निर्देशन निर्मल सिंह धालीवाल ने किया जिसकी जीवंत प्रस्तुति स्थानीय कलाकारों द्वारा की गई, जिसमें पंजाबी युवाओं की भावनात्मक और नैतिक यात्रा को दशार्या गया, जो अवैध तरीकों से विदेश जाते हैं, जिसे स्थानीय भाषा में ह्लडंकी एंट्रीह्व कहा जाता है। ह्लवापसीह्व नामक इस नाटक का मंचन पंजाब कला परिषद और सांस्कृतिक कार्य विभाग के तत्वावधान में किया गया। मुख्य अतिथि डॉ ऋषि पाल जी ने अपने संबोधन में कहा कि आज के युवा जब किसी भी तरीके से विदेश की तरफ रुख करते हैं, उन्हें इस नाटक से सबक लेनी चाहिए। प्रो गीतांजलि पबरेजा द्वारा आए हुए अतिथियों के प्रति आभार प्रकट किया गया।

# एयर शो का जलवा: सुखना लेक पर 'सूर्य किरण' के करतबों ने जीता दिल, कड़े इंतजामों के बीच शुरू हुआ मेगा इवेंट





अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/27 मार्च। शहर में रोमांच और देशभक्ति का अनोखा संगम देखने को मिल रहा है। सुखना लेक पर शुरू हुए एयर शो के पहले दिन Indian Air Force की 'सूर्य किरण' टीम ने अपने शानदार एरोबेटिक प्रदर्शन से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। आसमान में गूंजती जेट्स की आवाज और देशभक्ति गीतों ने माहौल को जोश से भर दिया।

### बारिश के बीच भी उमड़ा उत्साह

सुबह हल्की बारिश ने तैयारियों को चुनौती जरूर दी, लेकिन दर्शकों का जोश कम नहीं हुआ। हजारों लोग तय व्यवस्था के तहत शो देखने पहुंचे और आसमान में जेट्स के करतबों का लुत्फ उठाया।

### तय समय और सीमित एंट्री

एयर शो रोजाना सुबह 10:30 से 11:30 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। प्रतिदिन लगभग 10 हजार दर्शकों के पहुंचने की उम्मीद जताई गई है। कार्यक्रम में एंट्री पूरी तरह पास आधारित है और दर्शकों के लिए रिस्ट बैंड पहनना अनिवार्य किया गया है।

### 1300 जवानों की निगरानी, 7 जोन में शहर

सुरक्षा के लिहाज से बड़े स्तर पर तैयारी की गई है।



करीब 1300 पुलिसकर्मियों और अधिकारियों को तैनात किया गया है। शहर को 7 जोन में बांटकर ट्रैफिक और भीड़ प्रबंधन सुनिश्चित किया गया है। डिप्टी कमिश्नर निशांत कुमार यादव ने बताया कि बच्चों, बुजुर्गों और दिव्यांगों के लिए अलग सुविधाएं मुहैया कराई गई हैं।

### वीआईपी शिरकत

27 मार्च को मुख्य सचिव एच राजेश प्रसाद कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहे, जबकि समापन अवसर पर 28 मार्च को पंजाब के राज्यपाल एवं प्रशासक गुलाब चंद कटारिया मौजूद रहेंगे।

### निजी वाहनों पर रोक, बसों से ही पहुंच

एयर शो के दौरान निजी वाहनों की एंट्री पूरी तरह बंद कर दी गई है। दर्शकों को केवल शटल बसों के जरिए ही सुखना लेक तक पहुंचाया जा रहा है। इसके लिए 300 बसों की व्यवस्था की गई है और लोगों को सुबह 9 बजे तक पिकअप पॉइंट्स पर पहुंचने की सलाह दी गई है।

### प्रमुख पिकअप प्वाइंट्स में शामिल हैं:

- मनीमाजरा रेलवे कॉलोनी ग्राउंड
- दशहरा ग्राउंड मनीमाजरा
- सेक्टर-17 परेड ग्राउंड
- सेक्टर-25 रैली ग्राउंड
- सेक्टर-34 मेला ग्राउंड
- आईटी पार्क और ललित होटल के पास पार्किंग
- कलाग्राम, मनीमाजरा

### ट्रैफिक पर असर, कई मार्ग बंद

सुबह 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक शहर के कई प्रमुख रास्तों पर यातायात प्रभावित रहेगा।

- उत्तर मार्ग और सरोवर पथ के हिस्से बंद
- विज्ञान पथ पर यातायात सीमित
- गोल्फ क्लब के आसपास ट्रैफिक नियंत्रित

इन मार्गों पर पैदल आवाजाही पर भी प्रतिबंध लगाया गया है, जबकि एंबुलेंस और अन्य आपातकालीन सेवाओं को छूट दी गई है।

### सख्त नियम और लाइव स्ट्रीमिंग

दर्शकों को केवल ट्रांसपेरेंट पानी की बोतल ले जाने की अनुमति है। बिना पास किसी को प्रवेश नहीं मिलेगा। जो लोग कार्यक्रम स्थल तक नहीं पहुंच पाएंगे, उनके लिए लाइव स्ट्रीमिंग की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। दो दिन तक चलने वाला यह एयर शो चंडीगढ़ में उत्साह, रोमांच और देशभक्ति का माहौल बना रहा है, जहां हर नजर आसमान में उड़ते जेट्स पर टिकी हुई है।

# इमिग्रेशन ठगी केस में सजा: वांटेड क्रिस्पी खेहरा के पति को 2 साल कैद, करोड़ों के धोखे में पत्नी की भूमिका भी उजागर

चंडीगढ़/यूटर्न/27 मार्च। इमिग्रेशन फ्रॉड और चेक बाउंस से जुड़े बहुचर्चित मामले में जिला अदालत ने आरोपी दविंदर सिंह गिल को दो साल की सजा सुनाई है। यह मामला चंडीगढ़ पुलिस की वांटेड और 50 हजार की इनामी क्रिस्पी खेहरा से भी जुड़ा हुआ है, जिसका नाम पूरे घटनाक्रम में सामने आया है, हालांकि उसे अभी सजा नहीं हुई है। करीब साढ़े छह साल तक चली सुनवाई के बाद अदालत ने यह फैसला सुनाया। कोर्ट ने दोषी को 25 लाख रुपये शिकायतकर्ता को मुआवजा देने का आदेश भी दिया है। यदि मुआवजा नहीं दिया गया, तो उसे छह महीने की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

कनाडा भेजने के नाम पर 30 लाख की ठगी

मामले के अनुसार, सेक्टर-46



निवासी मेडिकल स्टोर संचालक नरेश भाटिया से आरोपियों ने उनके बेटे को कनाडा भेजने का झांसा देकर 30 लाख रुपये लिए थे। पैसे लेने के बाद न तो युवक को विदेश भेजा गया और न ही रकम लौटाई गई।

### पत्नी के नाम पर बनाया भरोसा

जांच और कोर्ट रिकॉर्ड में सामने आया कि दविंदर गिल ने शिकायतकर्ता को विश्वास दिलाया था कि उसकी पत्नी क्रिस्पी खेहरा इमिग्रेशन का काम संभालती है और वही पूरी प्रक्रिया पूरी करवाएगी। इसी भरोसे में आकर पीड़ित ने बड़ी रकम दे दी।

### बैंक ट्रांजेक्शन से खुली भूमिका

सुनवाई के दौरान यह भी साबित हुआ कि कुल 30 लाख में से 14 लाख रुपये सीधे क्रिस्पी खेहरा के बैंक खाते में आरटीजीएस के जरिए ट्रांसफर किए गए थे। इससे उसके लेन-देन में शामिल होने की पुष्टि हुई।

### चेक बाउंस से केस मजबूत

कोर्ट ने पाया कि आरोपियों ने कुल 30 लाख रुपये के पांच पोस्ट-डेटेड चेक दिए थे, जिनमें से दो चेक क्रिस्पी खेहरा के नाम पर थे। हालांकि यह मामला विशेष रूप से 25 लाख रुपये के उस चेक से संबंधित था, जो दविंदर गिल के खाते से जारी हुआ और बाउंस हो गया।

अदालत ने स्पष्ट किया कि इसी चेक बाउंस के आधार पर दविंदर गिल को दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई गई है, जबकि क्रिस्पी खेहरा की भूमिका अलग से जांच और कार्रवाई के दायरे में बनी हुई है।

# निगम कार्यालय में 31 मार्च तक विशेष काउंटर खुले रहेंगे: कमिश्नर नगर निगम

दलजीत अज्जोहा

होशियारपुर/यूटर्न/27 मार्च। नगर निगम होशियारपुर की कमिश्नर ज्योति बाला मट्टू ने आज जानकारी देते हुए बताया कि जनता की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नगर निगम की प्रॉपर्टी टैक्स, रेंट और वाटर सप्लाई शाखा को दिनांक 31 मार्च 2026 तक सभी सरकारी छुट्टियों तथा आने वाले शनिवार और रविवार को भी सुबह 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक खुला रखा जाएगा।



उन्होंने शहरवासियों से अपील की कि जिनके प्रॉपर्टी टैक्स, वाटर सप्लाई एवं सीवरेज बिल तथा रेंट के बकाया बिल बने हुए हैं, वे 31 मार्च 2026 तक सामान्य कामकाजी दिनों के साथ-साथ सरकारी छुट्टियों, शनिवार और रविवार को भी अपना बकाया टैक्स, बिल और रेंट जमा करवा सकते हैं। इस सुविधा का लाभ लेकर नागरिक बाद में लगने वाले जुर्माने से बच सकते हैं।

# PGI रिसर्च में बड़ा खुलासा: बार-बार गर्भपात के पीछे जेनेटिक कारण, 91 जीन की पहचान

चंडीगढ़/यूटर्न/27 मार्च। बार-बार गर्भपात की समस्या से जूझ रही महिलाओं के लिए एक अहम वैज्ञानिक सफलता सामने आई है।





पीजीआई के एडवांस पीडियाट्रिक सेंटर की टीम ने अपने शोध में इस समस्या के पीछे छिपे जेनेटिक कारणों को उजागर किया है। अध्ययन में वैज्ञानिकों ने 91 जीन की पहचान की है, जिनमें से 10 'हब जीन' को सबसे अधिक प्रभावशाली पाया गया। ये जीन गर्भधारण और भ्रूण के स्थायित्व में अहम भूमिका निभाते हैं। शोध के लिए आधुनिक ट्रांसक्रिप्टोमिक तकनीक का इस्तेमाल किया गया, जिससे गर्भ से जुड़े टिश्यू के जीन का विस्तृत विश्लेषण संभव हो सका।

### क्या है 'रिकरेंट प्रेग्नेंसी लॉस'?

चिकित्सकीय भाषा में, जब किसी महिला को दो या उससे अधिक बार गर्भपात हो, तो उसे रिकरेंट प्रेगनेंसी लॉस कहा जाता है। अब तक कई मामलों में इसके स्पष्ट कारण सामने नहीं आ पाते थे, जिससे इलाज चुनौतीपूर्ण हो जाता था।

### जीन कैसे बनते हैं वजह?

शोध में पाया गया कि शरीर के जीन विभिन्न जैविक प्रक्रियाओं को नियंत्रित करते हैं। यदि इन जीन में गड़बड़ी आती है, तो इसका सीधा असर गर्भधारण और भ्रूण के विकास पर पड़ता है। पहचाने गए प्रमुख जीन खासतौर पर इन प्रक्रियाओं से जुड़े हैं: इम्यून सिस्टम (रोग-प्रतिरोधक क्षमता), सूजन (इन्फ्लेमेशन), रक्त वाहिकाओं का विकास इनमें असंतुलन होने पर गर्भ ठहरने के बाद भी वह टिक नहीं पाता, जिससे गर्भपात का खतरा बढ़ जाता है।

### भविष्य के इलाज की दिशा

यह शोध चिता भारद्वाज और प्रियंका श्रीवास्तव की टीम द्वारा किया गया है। विशेषज्ञों के अनुसार, इस खोज से आने वाले समय में: गर्भपात के कारणों की शुरूआती पहचान संभव होगी,जीन आधारित सटीक इलाज विकसित किए जा सकेंगे,इन जीन को बायोमार्कर के रूप में उपयोग किया जा सकेगा`

### क्यों महत्वपूर्ण है यह खोज?

अब तक कई महिलाएं बिना स्पष्ट कारण के बार-बार गर्भपात का सामना करती थीं, जिससे मानसिक और शारीरिक तनाव बढ़ता था। पीजीआई का यह शोध इस दिशा में एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है, जो भविष्य में बेहतर उपचार और नई उम्मीद का रास्ता खोल सकता है।

# TRB ग्रुप को दिल्ली में वर्कप्लेस एक्सीलेंस अवॉर्ड, वैश्विक विस्तार को मिली मजबूती

लुधियाना, /यूटर्न/27 मार्च। ।साईकिल, इवी एवं एक्सपोर्ट सैक्टर से जुड़े टीआरबी ग्रुप को अग्रेसिव वर्क कल्चर के लिए ईटी नाओ बिजनेस कॉन्क्लेव & अवाड्र्स समारोह दौरान में वर्कप्लेस एक्सीलेंस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान दिल्ली के ताज पैलेस होटल में प्रसिद्ध अभिनेता और उद्यमी सुनील शेट्टी ने कम्पनी के डायरेक्टर बीआर भारद्वाज , बिजनेस हेड समिंदर कौर एवं ब्रांड एवं मार्केटिंग हेड नारायणी भनोट को सौंपा।

कम्पनी डायरेक्टर ने बताया की यह अवार्ड TRB ग्रुप के उस वर्क कल्चर का प्रमाण है जहाँ कर्मचारियों को ऑर्गनाइजेशन की सफलता में हिस्सेदार माना जाता है। कंपनी कर्मचारियों को रिस्पांसिबिलिटी सँभालने, नई सोच और इनोवेशन को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करती है, जिसके परिणाम स्वरूप विकास को तेजी मिलती है।

चेयरमैन राजेश अग्रवाल ने बताया की TRB ग्रुप आज 40 से अधिक देशों में अपनी उपस्थिति के साथ 40 से ज्यादा ब्रांड्स




संचालित कर रहा है। कंपनी एफएमसीजी, निर्माण, औद्योगिक समाधान, स्टील, सीमेंट, सिरेमिक और ईपीसी परियोजनाओं जैसे विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय है। साथ ही "Kloud" जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से इंटरनल प्रोसैस को ज्यादा प्रभावी बनाया जा रहा है। भविष्य की दिशा में कंपनी "Gaia Electric" के जरिए इलेक्ट्रिक मोबिलिटी क्षेत्र में विस्तार कर रही है और अफ्रीका जैसे उभरते बाजारों में अवसर तलाश रही है।

# जालंधर मॉडल टाउन में छापा, धोखाधड़ी केस में स्कूल मालिक हिरासत में

जालंधर/यूटर्न/27 मार्च। जालंधर के पॉश इलाके मॉडल टाउन में शुक्रवार सुबह एक अहम पुलिस कार्रवाई देखने को मिली, जब फाजिल्का पुलिस की टीम ने छापेमारी कर एक प्राइवेट स्कूल के




मालिक को हिरासत में ले लिया। यह कार्रवाई जलालाबाद में दर्ज धोखाधड़ी के मामले के तहत की गई। पुलिस टीम सुबह करीब 5 बजे आरोपी के घर पहुंची और उसे पूछताछ के लिए अपने साथ फाजिल्का ले गई। इस ऑपरेशन की जानकारी पहले ही जालंधर कमिश्नरेट पुलिस को दे दी गई थी, जिससे कानूनी प्रक्रिया का पालन सुनिश्चित किया जा सके। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, स्कूल मालिक पर वित्तीय अनियमितताओं और धोखाधड़ी के गंभीर आरोप हैं। हालांकि, अभी तक यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि मामला कितनी बड़ी रकम से जुड़ा है या धोखाधड़ी का संबंध जमीन के सौदे से है या स्कूल के व्यवसाय से। पुलिस ने पूरे ऑपरेशन को बेहद गोपनीय रखा, जिसके चलते स्थानीय लोगों और मीडिया को इसकी जानकारी बाद में मिली। फिलहाल मामले की जांच जारी है।



Sakshi Malik

# अमृतसर में श्मशान घाट से अस्थियां चोरी दो दिन पहले हुआ मृत महिला का संस्कार

अमृतसर/यूटर्न/27 मार्च। अमृतसर के पास स्थित कथू नंगल गांव में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं ने ग्रामीणों को चिंता में डाल



दिया है। ताजा मामले में श्मशान घाट को निशाना बनाते हुए चोरों ने लोहे के गेट, बिजली की तारें और अन्य सामान चोरी कर लिया। लेकिन सबसे दुखद और संवेदनशील बात यह रही कि एक परिवार की अस्थियां भी वहां से गायब हो गई, जिससे पूरे गांव में गहरा आक्रोश और दुख का माहौल है। पीड़ित परिवार के सदस्य कुलविंदर सिंह ने बताया कि कुछ दिन पहले उन्होंने अपनी माता का अंतिम संस्कार किया था। परंपरा के अनुसार, उन्होंने अस्थियां श्मशान घाट में एक सुरक्षित स्थान पर रखी थीं, ताकि बाद में उन्हें विधि-विधान से विसर्जित किया जा सके।

# अमृतसर में DM रंधावा के परिवार से मिले चुग पंजाब सरकार पर लगाए आरोप

अमृतसर/यूटर्न/27 मार्च। भाजपा के राष्ट्रीय सचिव तरुण चुघ आज मृतक गगनदीप सिंह रंधावा के परिवार से मिलने उनके घर पहुंचे। उन्होंने परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की और इस मामले की गंभीरता पर जोर दिया। चुघ ने इसे अत्यंत दर्दनाक घटना करार देते हुए कहा कि जिन लोगों पर सुरक्षा की जिम्मेदारी थी, वही इस अत्याचार के



लिए जिम्मेदार हैं। तरुण चुघ ने पंजाब सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा कि राज्य में भ्रष्टाचार, रंगदारी और उगाही माफिया पूरी तरह हावी हो चुके हैं। उन्होंने दावा किया कि पिछले ढाई-तीन सालों में एक नया उग्रह तंत्र विकसित हो गया है, जिसमें अधिकारियों पर दबाव बनाकर अवैध रूप से पैसे इकट्ठा किए जा रहे हैं।

# युवक पर जानलेवा वार, फायरिंग कर हमलावर मौके से भागे

जालंधर/यूटर्न/27 मार्च।जालंधर के शहीद बाबू लाभ सिंह नगर में देर रात को सनसनी फैल गयी, जब हथियारबंद हमलावरों ने एक युवक पर जानलेवा हमला कर दिया। आरोपी उसे घायल हालत में छोड़कर भाग गए। वहीं हमलावरों ने इलाके में दहशत फैलाने के लिए फायरिंग भी की। जानकारी के मुताबिक, घायल नीरज के भाई अंशुमन को किसी राहगीर की काल आई कि उसके भाई पर बदमाशों ने हमला किया है और वह सड़क के बीच खून से लथपथ होकर गिरा हुआ है। वह घटनास्थल पर पहुंचा, जहां से वह घायल हालत में भाई को इलाज के लिए अस्पताल में लेकर पहुंचा। उसने कहा कि हमले के दौरान बदमाशों ने उसके भाई को तेजधार हथियारों से बुरी तरह



काट दिया। एएसआई साहिब सिंह ने बताया कि उन्हें कंट्रोल रूम पर सूचना मिली थी कि अमन नगर में देर रात लड़ाई झगड़े के दौरान एक युवक को बुरी तरह से काटा है और गोली चली है, जिसके बाद वह मौके पर पहुंचे लेकिन उन्हें वहां पर उन्हें कोई गोली का खोल नहीं मिला। फिर उन्हें अस्पताल की ओर से काल आई कि युवक को घायल हालत में दाखिल करवाया गया है। वह अस्पताल में पहुंचे उन्होंने घायल से बात करने की कोशिश की तो डाक्टरों ने उसे अनफिट बताया है। वही स्थानीय सूत्रों और शुरूआती जांच में इस खूनी संघर्ष को गैंगवार का नतीजा माना जा रहा है। बताया जा रहा है कि हमलावरों और पीड़ित के बीच पुरानी रंजिश चल रही थी, जिसके चलते इस वारदात को अंजाम दिया गया। पुलिस अब इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है ताकि हमलावरों की पहचान की जा सके।

# फूड सप्लाई विभाग की अचानक छापेमारी

## व्यावसायिक उपयोग करते 12 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/27/मार्च। शहर में घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक तौर पर हो रहे अवैध उपयोग के संबंध में मीडिया में प्रकाशित खबरों का स्थानीय फूड सप्लाई विभाग ने कड़ा संज्ञान लिया है। आज विभाग के एएफएसओ (AFSO) बेअंत सिंह के नेतृत्व में टीम द्वारा जगरांव के तहसील रोड, रायकोट रोड, और मलक चौक सहित विभिन्न इलाकों में स्थित ढाबों, मिठाई की दुकानों और खाने-पीने वाली रेहड़ियों पर अचानक चेकिंग अभियान चलाया गया।



यूटर्न टाइम NEWS IMPACT

इस अभियान के दौरान विभाग की टीम ने विभिन्न स्थानों से नियमों का उल्लंघन कर व्यावसायिक कार्यों के लिए इस्तेमाल किए जा रहे 12 घरेलू गैस सिलेंडर बरामद किए हैं।

क्या कहा ए.एफ.एस.ओ ने: पत्रकारों से बातचीत करते हुए एएफएसओ बेअंत सिंह ने बताया कि कुछ ढाबा मालिकों, मिठाई विक्रेताओं और रेहड़ी चालकों द्वारा घरेलू गैस सिलेंडरों का गैर-कानूनी ढंग से दुरुपयोग किया जा रहा था। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि जब्त किए गए इन सिलेंडरों को गैस एजेंसी के सुपुर्द कर दिया गया है। इसके साथ ही नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ बनती विभागीय और कानूनी कार्रवाई अमल में लाने के लिए जिला अफसर को लिखित रिपोर्ट भेज दी गई है, ताकि भविष्य में ऐसे गैर-कानूनी उपयोग पर प्रभावी रोक लगाई जा सके।

**पत्रकारों के साथ बदसलूकी करने वाले दुकानदार के ठिकाने से भी मिले दो घरेलू सिलेंडर:** पत्रकारों के सच पर लगी मुहर : गौरतलब है कि दो दिन पहले जब पत्रकारों की टीम द्वारा घरेलू गैस सिलेंडरों के दुरुपयोग संबंधी कवरेज की जा रही थी, तो तहसील रोड स्थित बीकानेरी स्वीट शॉप के बाहर व्यावसायिक काम के लिए इस्तेमाल किए जा रहे घरेलू सिलेंडर की फोटो खींचने पर दुकानदार बुरी तरह भड़क गया था। उसके द्वारा न सिर्फ पत्रकारों के साथ भद्दी शब्दावली का इस्तेमाल कर दुर्व्यवहार किया गया, बल्कि पत्रकार का मोबाइल फोन भी छीनने की कोशिश की गई थी। अखबारों में इस मुद्दे के प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद हरकत में आए फूड सप्लाई विभाग ने आज जब अचानक चेकिंग की, तो उक्त मिठाई विक्रेता की दुकान से भी दो घरेलू गैस सिलेंडर बरामद हुए, जिनका कथित तौर पर व्यावसायिक उपयोग किया जा रहा था। विभाग की आज की इस सख्त कार्रवाई ने जहां पत्रकारों द्वारा की गई निष्पक्ष रिपोर्टिंग पर मुहर लगाई है, वहीं नियमों की धज्जियां उड़ाने वाले दुकानदार की असलियत भी जनता के सामने ला दी है।



# एसपी पदोन्नति पर बिक्रमजीत सिंह बराड़ को बधाई

## कबड्डी कप में शामिल होने का दिया न्योता



डेराबस्सी/यूटर्न/27 मार्च। पंजाब वॉटर सप्लाई एवं सीवरेज बोर्ड के वाइस चेयरमैन सुभाष शर्मा ने एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स के अधिकारी बिक्रमजीत सिंह बराड़ को पुलिस अधीक्षक (एसपी) पद पर पदोन्नति मिलने पर हार्दिक बधाई दी है। उन्होंने कहा कि बराड़ की यह उपलब्धि उनकी काबिलियत, कड़ी मेहनत और निडर सेवा का परिणाम है। अपने संबोधन में सुभाष शर्मा ने बताया कि बिक्रमजीत सिंह बराड़ ने अपने कार्यकाल के दौरान गैंगस्टरवाद के खिलाफ चलाए गए अभियानों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है और कानून-व्यवस्था को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि बराड़ की पदोन्नति से पुलिस विभाग को और मजबूती मिलेगी तथा यह युवा अधिकारियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी। इस अवसर पर सुभाष शर्मा ने बिक्रमजीत सिंह बराड़ को लालड़ू के सीनियर सेकेंडरी स्कूल, मेन चौक में आयोजित होने वाले कबड्डी कप में विशेष रूप से शामिल होने का न्योता भी दिया। उन्होंने उम्मीद जताई कि बराड़ इस आयोजन में भाग लेकर युवाओं का उत्साहवर्धन करेंगे। अंत में, उन्होंने बराड़ के उज्ज्वल भविष्य और बेहतर सेवाओं के लिए शुभकामनाएं भी दीं।

# मोहल्ला माई जीना में 26 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, नशे का अंदेशा

## मोहल्ला निवासियों द्वारा सरेआम नशा बिकने के आरोप

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/27/मार्च। जगरांव के मोहल्ला माई जीना में एक 26 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने का दुखद समाचार प्राप्त हुआ है। मृतक की पहचान इकबाल सिंह उर्फ रिंकू के रूप में हुई है। शुरूआती जानकारी और परिवार के सदस्यों के बयानों के अनुसार, इस मौत के पीछे मुख्य कारण नशे का सेवन माना जा रहा है।

### दो युवक घर छोड़कर गए, कुछ देर बाद हुई मौत

मृतक के पिता बलदेव सिंह और चाचा हरी सिंह ने भारी मन से जानकारी देते हुए बताया कि उनका बेटा पिछले कुछ समय से बीमार चल रहा था और नशे का आदी था। उन्होंने बताया कि दोपहर करीब 2 :30 बजे मोहल्ले के ही दो युवक इकबाल को उनके घर छोड़कर गए थे। इस घटना के थोड़ी देर बाद ही इकबाल की मौत हो गई।





### मोहल्ला निवासियों का फूटा गुस्सा:- पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठाए सवाल

इस घटना के बाद इलाका निवासियों में भारी रोष पाया जा रहा है। मोहल्ला निवासी अमरनाथ और अन्य लोगों ने प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उनके इलाके में सरेआम नशा बिक रहा है, लेकिन पुलिस द्वारा इसे रोकने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि यदि पुलिस द्वारा इक्का-दुक्का नशा तस्करों को काबू किया भी जाता है, तो वे जल्द ही छूटकर वापस अपने इसी काले कारोबार में लग जाते हैं। मोहल्ला निवासियों ने दावा किया कि यह कोई पहला मामला नहीं है, बल्कि इससे पहले भी उनके मोहल्ले के 4-5 नौजवान नशे की भेंट चढ़कर अपनी जान गंवा चुके हैं।

**पुलिस की कार्रवाई :-** घटना की सूचना मिलते ही थाना सिटी के प्रभारी इंस्पेक्टर परमिंदर सिंह पुलिस पार्टी के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने हालात का जायजा लिया और मृतक युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है। इंस्पेक्टर परमिंदर सिंह ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद मौत के असली कारणों का खुलासा होगा। रिपोर्ट और परिवार के सदस्यों के बयानों के आधार पर जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके अनुसार बनती सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# बसौली गांव के दर्जनों परिवार आप और अकाली दल छोड़ कांग्रेस में शामिल



लालड़ू/यूटर्न/27 मार्च। हलका डेराबस्सी के अंतर्गत गांव बसौली में कांग्रेस पार्टी को उस समय बड़ा राजनीतिक बल मिला, जब दर्जनों परिवारों ने आम आदमी पार्टी (आप) और शिरोमणि अकाली दल को छोड़कर कांग्रेस का दामन थाम लिया। इस अवसर पर आयोजित एक बड़ी रैली में कांग्रेस नेता ढिल्लों ने नए शामिल हुए परिवारों का जोरदार स्वागत किया और उन्हें पार्टी में पूरा मान-सम्मान देने का भरोसा दिलाया। रैली को संबोधित करते हुए ढिल्लों ने पंजाब सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि राज्य की सरकार वास्तव में दिल्ली से संचालित हो रही है और प्रदेश के हितों की अनदेखी की जा रही है। उन्होंने पूर्व मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर से जुड़े मामले का जिक्र करते हुए कहा कि एक अधिकारी द्वारा लगाए गए उत्पीड़न के आरोपों के बाद आत्महत्या की घटना सामने आई, जिसके चलते जनदबाव में कार्रवाई करनी पड़ी। इसके अलावा, उन्होंने बरनाला जिले के गांव राजगढ़ की घटना का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी के नेताओं की मिलीभगत से एक किसान और उसके परिवार के साथ मारपीट की गई, जिसके बाद पीड़ित ने आत्महत्या का प्रयास किया।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma

तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।

Contact - +91 9814295372